जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 88 प्रभात कोटा, शुक्रवार 10 जनवरी, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अकेली और अलग-थलग पड़ी

### इंडिया गठबंधन के सभी दल केजरीवाल के समर्थन में खुलकर सामने आए

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जनवरी। दिल्ली में कांग्रेस एकदम अकेली पड़ गई है, क्योंकि इंडिया एलायन्स के सभी घटक दलों और कांग्रेस के सहयोगियों ने आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का निर्णय लिया है।

इसके लिए कांग्रेस नेता और पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन को जिम्मेवार माना जा रहा है, जिन्होंने न केवल कांग्रेस के चुनाव प्रचार को पटरी से उतार दिया बल्कि यह भी सुनिश्चित कर दिया की इंडिया गठबंधन के सभी दल केजरीवाल का समर्थन करें।

अजय माकन ने केजरीवाल को देशद्रोही और फर्जीवाल कहा। केजरीवाल ने तो इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों से यह तक कह दिया कि कांग्रेस को गठबंधन से निकाल कर बाहर फेंके दें। उन्होंने यह भी कहा कि अजय माकन को माफी मांगनी चाहिए।

माकन ने कहा था कि वे प्रेस कॉन्फ्रैंस करके बात विस्तार से बताएंगे, किस प्रकार से केजरीवाल देशद्रोही है, पर उसके पहले ही कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें रोक दिया और प्रैस कॉन्फ्रैंस करने से मना कर दिया। यह निर्णय एक वरिष्ठ गठबंधन सहयोगी के फोन कॉल के बाद किया गया। कांग्रेस से कहा गया कि आम आदमी पार्टी गठबंधन की घटक

- ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे तो केजरीवाल के समर्थन में चुनावी रैली को भी संबोधित करेंगे।
- दिल्ली विधानसभा के त्रिकोणात्मक चुनाव में कांग्रेस को सबसे कमज़ोर माना जा रहा है। इसके विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है।
- कांग्रेस की इस दशा के लिए अजय माकन को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है, जिन्होंने केजरीवाल को देशद्रोही और फर्जीवाल कहा तथा वे तो केजरीवाल के खिलाफ एक प्रेस कॉन्फ्रैंस भी करने वाले थे।
- पर, केजरीवाल की शिकायत पर इंडिया गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता के कॉल के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने अजय माकन पर अंकुश लगाया।
- अब स्थिति ऐसी है कि कांग्रेस का चुनाव प्रचार एकदम फीका पड़ चुका है, यह तक पूछा जा रहा है कि क्या कांग्रेस दिल्ली चुनाव के लिए गंभीर है।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## संभल की शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जनवरी। संभल शाही जामा मस्जिद मैनेजमेन्ट कमेटी गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय पहुँच गई। कमेटी ने सर्वोच्च न्यायालय से मांग की कि जिला मजिस्ट्रेट को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जायें कि मस्जिद की सीढ़ियों/ प्रवेश द्वार के पास स्थित निजी कुएं के सम्बंध में यथास्थिति बरकरार रखी जाये।

कमेटी ने जिला मजिस्ट्रेट को यह निर्देश देने की भी मांग की कि कुएं की जांच के सम्बंध में कोई कदम न उठाये जायें तथा शीर्ष अदालत की आवश्यक अनुमति के बिना मस्जिद के प्रवेश द्वार पर स्थित कुएं को खोला नहीं जाये।

जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश देने की मांग करने वाले प्रार्थनापत्र में कहा गया है: "संभल का जिला प्रशासन शहर के पुराने मंदिरों तथा कुओं के जीर्णोद्वार का अभियान चला रहा है तथा रिपोर्ट बता रही हैं कि कम से कम 32 पुराने तथा काम में नहीं आ रहे मंदिरों का जीर्णोद्वार

- कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि जिला प्रशासन को यथास्थिति बनाये रखने का निर्देश दिया जाए, खासकर मस्जिद की सीढ़ी के पास बने कुएं के संदर्भ में।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## आर.पी.एस.सी. को एक बार फिर दोषी पाया हाई कोर्ट ने

### 2019 की पशुचिकित्सक भर्ती में नयी मैरिट लिस्ट जारी करने के आदेश दिये

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 9 जनवरी (कासं)। जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट, में राज्य सरकार द्वारा 2019 में 900 पशु चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया में अयोग्य अभ्यर्थियों को चुने जाने के खिलाफ दायर रिट याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में 80 से अधिक याचिकाकर्ताओं ने अलग-अलग मुद्दों पर याचिका दायर की थी। परन्तु मुख्य तौर पर अदालत के समक्ष जो विवाद उभर के सामने आया, वह यह था कि राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (आर.पी.एस.सी.) ने अभ्यर्थियों की परीक्षा के बाद मैरिट लिस्ट में उन अभ्यर्थियों का चयन कर लिया, जो पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन (बी.वी.एससी.) के अंतिम सत्र में पढ़ रहे थे, जबकि नियम यह कहता है कि केवल उन अभ्यर्थियों का चयन किया जा सकता है, जिन्होंने अंतिम सत्र की आखिरी परीक्षा दी हो। इस मामले में याचिका कर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास बालिया, आर.एन. माथुर, संदीप शाह, अधिवक्ता तनवीर अहमद और रघुनन्दन शर्मा पैरवी के लिए पेश हुए थे।

इस मामले की जिरह के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि 22 अक्टूबर 2019 को जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार, 900 पशुचिकित्सक के पदों की भर्ती के लिए राज्य सरकार ने केवल दो ही मानक तय किये थे। पहला, कि अभ्यथ्यिों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पशु चिक्तिसा विज्ञान और पशुपालन (बी.वी.एससी.) की डिग्री हो और उसे राजस्थानी संस्कृति के बारे में जानकारी हो और देवनागरी लिपि पढ़नी- लिखनी आती हो।

याचिकाकर्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार के पशुपालन सेवा नियम 1963 के अनुसार, अकादमिक और तकनीकी योग्यता उन्हीं अभ्यर्थियों को दी जा सकती है, जो पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन (बी.वी. एससी.) की डिग्री के आखरी सत्र की अंतिम परीक्षा में पेश हो चुके हों।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास बालिया ने अदालत को बताया कि वर्ष 2011 और वर्ष 2013 की भर्तियों पर ऐसा ही विवाद पैदा हुआ था, तब राज्य सरकार ने नियमों का ही हवाला देते हुए पुरजोर तरीके से कहा था कि केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को चुना जा सकता है, जो पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन (बी.वी.एससी.) कोर्स के अंतिम सत्र की आखिरी परीक्षा दे चुके हैं। इसलिए आर.पी.एस.सी. अब अभ्यर्थियों को उनके हक से वंचित नहीं कर सकती।

वहीं, आरपीएससी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता महेश थानवी ने अदालत को कहा कि पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय ने अपने आखिरी सत्र के अंतिम परीक्षा 16 नवंबर 2019 को घोषित की थी, परन्तु विज्ञप्ति के अनुसार फॉर्म भरने की आखरी तारीख 24 नवंबर 2019 थी, जिससे साफ

- इस भर्ती प्रक्रिया में नियम था कि केवल उन अभ्यर्थियों को चयनित किया जा सकता है जो पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन (बी.वी.एससी.) के डिग्री धारक हों या कोर्स के अंतिम सत्र की आखरी परीक्षा में भाग ले चुके हों।
- परन्तु आर.पी.एस.सी. ने कई ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया था जिनके पास डिग्री नहीं थी और जो पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन (बी.वी.एससी.) डिग्री के अंतिम सत्र के छात्र थे।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## प्रदेश को 5 हजार मैगावाट का मिला अतिरिक्त आवंटन

जयपुर, 9 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए के अंतर्गत 5 हजार मेगावाट के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य होने के दृष्टिगत केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत अतिरिक्त आवंटन का अनुरोध किया था। साथ ही, हाल ही में मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात के दौरान इस संबंध में चर्चा की थी।

राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन

- वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के संकल्प की दिशा में अहम कदम।
- मुख्यमंत्री भजनलाल की कोशिशों के कारण केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अतिरिक्त बिजली आवंटन को मंजूरी दी है।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## गुरुवार को एच.एम.पी.वी. के दो मामले और मिले

नयी दिल्ली, 09 जनवरी। कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। जहाँ, लखनऊ में 60 साल की महिला पॉज़िटिव पाई गई है।

गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की एचएमपीवी रिपोर्ट पॉज़िटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पताल की लैब की है। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं।

एचएमपीवी केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए

- गुजरात और लखनऊ के नये मरीजों के साथ देश में एच.एम.पी.वी. रोगियों की संख्या 11 हो गई।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## 'सायबर फ्रॉड के पीड़ित को एस.बी.आई. पैसा लौटाए'

### सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को सायबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों के कारण बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जनवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने, एक महत्वपूर्ण निर्णय के अन्तर्गत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वह असम के साइबर फ्रॉड पीड़ित को 94,000 रु. रिफन्ड करे। यह फैसला वित्तीय संस्थानों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर विशेष प्रकाश डालता है कि वे ऑन लाइन घोटालों से ग्राहकों के पैसे की रक्षा करें तथा साइबर फ्रॉड के मामलों से निपटने की महत्वपूर्ण नजीर कायम करें।

यह घटना उस समय हुई, जब फ्रॉड का शिकार बना यह व्यक्ति, जो 4000 रु. की कीमत का लूइस फिलिप ब्लैजर लौटाने की कोशिश कर रहा था, एक घोटालेबाज के चंगुल में फंस गया, जिसने स्वयं को कस्टमर सर्विस रिप्रैज़ेंटेटिव बताया। फ्रॉड करने वाले ने चालाकी से पीड़ित से एक दुर्भावपूर्ण ऐप इन्स्टाल कराई, जिसके फलस्वरुप उसने पीड़ित के एस.बी.आई. खाते से

- सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला असम के एक मामले में आया है, जहाँ पीड़ित एक सामान लौटाने के चक्कर में फ्रॉड करने वाले के जाल में फंस गया और उसके खाते से 94,204 रूपये निकल गए।
- जैसे ही पीड़ित को इस ऑनलाइन ट्रांज़ेक्शन का पता चला, उसने खाता बंद करवा दिया तथा नैशनल सायबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट भी किया।
- पीड़ित के त्वरित एक्शन के बाद भी बैंक ने अपनी जवाबदेही से इन्कार कर दिया, जिस पर पीड़ित ने कानूनी कार्यवाही की। सत्र न्यायालय व गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पीड़ित के पक्ष में फैसला दिया।
- फैसले के खिलाफ बैंक ने सुप्रीम कोर्ट के में अपील की, पर, इसने भी पीड़ित के पक्ष में फैसला दिया है।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

## एस.आई.भर्ती रद्द करने से हिचक रही है राज्य सरकार

### राज्य सरकार ने कहा कि हमें चीटिंग करने वाले और सही अभ्यर्थी को अलग करने के लिए और समय चाहिए

जयपुर, 9 जनवरी (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती-2021 को लेकर न्यायाधीश सुनील जैन की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। जिरह के दौरान राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाअधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को कहा कि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) की जांच लंबित है और सरकार स्पष्ट जबाब नहीं दे सकती कि जांच कब खत्म होगी और सभी अपराधियों के नाम सामने आयेंगे या नहीं। उल्लेखनीय है कि स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) की एक रिपोर्ट में भी कहा गया कि इस मामले में जांच अंतहीन है और जितनी गहराई से मामले को जांचा जा रहा है उससे आरोपियों की संख्या तो बढ़ रही है, परंतु पुख्ता सबूत जुटाना बहुत ही जटिल कार्य है। इन तथ्यों को सामने रखते हुए राज्य सरकार ने अदालत को कहा कि वर्तमान में वह परीक्षा रद्द करने के पक्ष में नहीं है। इस पर अदालत ने राज्य सरकार को हिदायत दी कि भर्ती को लेकर ऐसा कोई काम ना करे, जिससे अदालत की ओर से दिए आदेश की अवमानना हो। साथ ही अदालत ने केन्द्र सरकार के वकील, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (ए.एस.जी.) और वरिष्ट अधिवक्ता राज दीपक रस्तोगी को न्याय मित्र घोषित कर अदालत की सहायता करने के आदेश दिये।

इस मामले में याचिकाकर्ता कौशलचन्द शर्मा व अन्य की ओर से अधिवक्ता हरिन्द्र नील पैरवी के लिए पेश हुए थे और उन्होंने भी सुनवाई शुरू होते ही कहा कि राज्य सरकार अपनी

- राज्य सरकार की तरफ से पैरवी करते हुए ए.ए.जी. ने कहा, राज्य सरकार मामले की तह तक जाना चाहती है, लेकिन याचिका में भर्ती को रद्द करने की मांग की गई है, जिससे जाँच प्रक्रिया पटरी से उतर सकती है।
- राज्य सरकार का यह भी कहना है कि अगर 2021 की परीक्षा रद्द की जाती है तो रिक्त पदों की संख्या हजारों में पहुँच जाएगी, क्योंकि 2021 से लेकर 2025 तक सब इंस्पैक्टर के पद पर एक बार भी भर्ती नहीं हुई है।
- अदालत ने केन्द्र के ए.एस.जी. आर.डी. रस्तोगी को न्याय मित्र घोषित किया। रस्तोगी ने खुद इसका विरोध किया, पर, हाई कोर्ट ने विरोध को दरकिनार कर कहा कि केन्द्र इसमें पक्षकार नहीं है, तो रस्तोगी न्याय मित्र बन सकते है।

( शेष पृष्ठ 3 पर )



## विचार बिन्दु

युद्ध के लिए तैयार रहना शांति स्थापित रखने के लिए एक बहुत प्रभावशाली साधन है। -वाशिंगटन

# जानें : चुनाव, मतदाता पंजीकरण और वोट देने की शक्ति क्या है?

हमारे देश भारत में निर्वाचकों की मुख्य तीन श्रेणियां हैं। प्रथम सामान्य निर्वाचन, द्वितीय प्रवासी (एनआरआई) व तृतीय प्रवासी निर्वाचन।

प्रत्येक भारतीय नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष है (निर्वाचक नामावली के तैयार करने के वर्ष के जनवरी माह के प्रथम दिन को 18 वर्ष प्राप्त कर लिये हों) और वह किसी कानून के तहत् निरर्हित न किया गया हो, वह मतदान का अधिकारी है तथा वह जिस स्थान की नामावली है उसमें मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने का अधिकारी है। यहाँ यह लिखना समीचीन होगा कि केवल भारत का नागरिक भारत में मतदान करने का अधिकारी है। मतदान करने के लिये उसका नाम नामावली में होना आवश्यक है। चुनाव में खड़ा होने के हेतु नामावली की रजिस्टर्ड प्रतिलिपि, नोमीनेशन फार्म के साथ लगाना आवश्यक है। भारत का नागरिक यदि अन्य देश की नागरिकता प्राप्त कर लेता है तो वह निर्वाचक नामावली में पंजीकरण कराने का पात्र नहीं हो सकता। एक व्यक्ति के पास विदेशी पासपोर्ट है किसी ने आपत्ति की है कि वह दूसरे देश का नागरिक है, इस आधार पर उनके विरूद्ध एक रिट् याचिका कोर्ट में लम्बित है, देखना है न्यायालय इस आपत्ति का समाधान क्या निकालता है? लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम 2010 के द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 के प्रावधानों के अनुसार भारत का वह नागरिक जिसने किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है और जो मतदाता के रूप में पंजीकरण हेतु अन्यथा पात्र है तथा जो अपने रोजगार, शिक्षा आदि के कारण भारत में अपने सामान्य निवास स्थान पर नहीं रह रहा है, वह निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के रूप में रजिस्टर होने का पात्र है जहां उसके पासपोर्ट में भारत में उसके निवास स्थान का उल्लेख किया गया है।

भारत का नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष की है वह उस निर्वाचन क्षेत्र, जिसमें उसका सामान्य निवास शामिल है, वहां विनिर्दिष्ट प्रपत्र 6 में आवेदन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष इस प्रयोजन हेतु प्रेषित कर सकता है। ऐसे प्रपत्र को भरकर डाक से भी भेजा जा सकता है। ऑनलाइन भी यह सुविधा प्राप्त है। प्रारूप 6 ऑनलाइन भरते समय आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां भी अपलोड की जानी चाहिये। वस्तुतः सभी स्थितियों में प्रारूप 6 के साथ पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, आयु व निवास का दस्तावेज लगाना आवश्यक आवास के लिये राशनकार्ड काम में लिया जा सकता है। प्रपत्र 6क प्रवासी भारतीय निर्वाचकों के लिये है। फार्म 8 का उपयोग मतदाता जो अपना निवास स्थान बदलते हैं उनके लिये है। फार्म नं. 6बी का संबंध आधार कार्ड से है, जो प्रमाणिकता के लिये काम में लिया जाता है।

चुनाव के कुछ महिनों पहले हर निर्वाचन क्षेत्र मतदाताओं की एक लिस्ट बनाई जाती है जिसे मतदाता सूची या वोटर्स लिस्ट कहा जाता है। मतदाता सूची में समय समय पर संशोधन होता रहता है ताकि नये मतदाताओं को जोड़ा जा चुके हैं और मृत हुये लोगों के नाम हटाये जाते हैं बंगला देश से बहुत लोगा भारत में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करके आते हैं और राजनीतिक पार्टियां इन्हें मतदाता सूची में शामिल कराते हैं। बंगाल में यह काम हो रहा है। दिल्ली आदि बड़े शहरों में भी मतदाता सूची में नाम जोड़े गये हैं। ऐसा आरोप है मुस्लिम धर्म के लोगों को वोट बैंक मानकर मतदाता सूची में शामिल किया जाता है। फार्म नं. 7 जो मतदाता सूची में नाम जोड़ने व काटने के हेतु प्रयोग में लिया जाता है।

**प्रत्येक मतदाता को चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। चुनाव ही हमें अवसर देता है कि भ्रष्ट व असफल सरकारों को सत्ता से बाहर करें। जब सही गुणवान अच्छे, निष्पक्ष चुनावों में जीतकर आवेंगे तभी देश का सही विकास होगा। कभी भी जाति, धर्म, अथवा फ्रीबीज (मुफ्त की रेवडी) अथवा लोक लुभावन वादों के आधार पर मतदान न करें। ये सब लोकतंत्र के हेतु अभिषाप है।**

चुनाव का विषय संविधान के अनुच्छेद 324 से संबंध रखता है और चुनाव आयोग को संविधान में असीम अधिकार दिये हुये हैं। इस प्रकार चुनाव आयोग को विधायिका, न्यायपालिका व एक्जिक्यूटिव के अधिकार प्राप्त हैं। चुनाव का विषय में भारत निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है। यह प्राधिकरण भारत में निर्वाचन प्रक्रियाओं के लिये उत्तरदायी है। मतदाता हेल्पलाइन एप निर्वाचन नामावली में अपना नाम खोजने, ऑनलाइन प्रारूप भरने, निर्वाचकों के बारे में जानने और सबसे महत्वपूर्ण शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करता है।

प्रत्येक स्टेट में स्टेट इलेक्शन कमीशन है। चुनाव का पूरा विषय जानने व समझने के लिये लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 है। साथ ही इनके तहत् बनाये गये नियम हैं। मतदाता सूचियों के लिये रजिस्ट्रेशन आफ इलेक्टर्श रूल्स 1960 है। इनमें समय समय पर संशोधन होते रहे हैं। संशोधन के कारण ही प्रत्येक मतदाता को पहिचान पत्र (Identity Card) दिया जाता है, जिससे मतदान में सुविधा होती है मतदान करने में समय नहीं लगता।

मतदान होने पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिये। चुनाव के बाद के विवाद लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1971 के अनुसार निर्णित किये जाते हैं और मतदाता सूची के विवाद चुनाव अधिकारी निपटाते हैं। चुनाव के विषय में सिविल कोर्ट का अधिकार क्षेत्र निषेध किया गया है। चुनाव परिणाम के बाद चुनाव याचिका पेश की जाती है चुनाव ट्रायब्यूनल के रूप में हाईकोर्ट का काम करता है।

मतदाता सूची, मतदान पहचान पत्र अथवा निर्वाचन सम्बन्धित कोई भी शिकायत को दर्ज करवाने के लिये मतदाता वेबसाइट पर लॉग-इन कर अपनी शिकायत/परेशानी संबंधित अधिकारी को दर्ज रजिस्टर करा सकते हैं। कई अधिकारी समक्ष हैं निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी इस काम के लिये सक्षम है।

यदि मतदाता सूची में आपका कोई भी विवरण गलत है, यानी गलत दर्ज है। ये गलतियां नाम के वर्तनी में अशुद्धि, उम्र के संबंध की अशुद्धि लिंग की अशुद्धि, निवास के पते की गलती आदि हो।

जैसा ऊपर कहा है कि 18 वर्ष की आयु का व्यक्ति मतदान करने का अधिकारी है, किन्तु उसका नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त है अथवा सक्षम न्यायालय द्वारा विक्षिप्त घोषित किया गया है अथवा चुनाव अपराधों में करप्ट प्रेक्टिस के कारण अयोग्य घोषित किया है तो वह मतदान करने व मतदाता सूची में नामांकन नहीं करा सकते।

दिल्ली का चुनाव 5 फरवरी 2025 को होने जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाये हैं। मतदाता सूचियों में 29.11.2024 से 6.1.2025 तक 82450 नाम काटे गये हैं और 4 लाख 80 हजार नये नाम जोडने के आवेदन प्राप्त हुये हैं तथा 2 लाख 8 हजार 302 नये नाम जोडे। 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची फाइनल हुई है। एक ण्दहेूलहम्ब (सीमापुरी) में 25 गज के मकान में 2 लोग रहते हैं जहां मतदाता सूची में 38 नाम हैं। ऐसी घटना कई जगह है दिल्ली में कुल मतदाता 1 करोड़ 55 लाख 24 हजार 850 है। यह घटना दिल्ली की है किन्तु राजस्थान अथवा राज्य में भी हो सकती है। इस लेख का उद्देश्य सभी लोगों को मतदाता सूची के बाबत जानकारी देना व उसके महत्व को समझाना है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां की केन्द्रीय सरकार प्रत्येक 5 वर्ष के बाद चुनाव प्रक्रिया से चुनी जाती है। प्रत्येक मतदाता को चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। चुनाव ही हमें अवसर देता है कि भ्रष्ट व असफल सरकारों को सत्ता से बाहर करें। जब सही गुणवान अच्छे, निष्पक्ष चुनावों में जीतकर आवेंगे तभी देश का सही विकास होगा। कभी भी जाति, धर्म, अथवा फ्रीबीज (मुफ्त की रेवडी) अथवा लोक लुभावन वादों के आधार पर मतदान न करें। ये सब लोकतंत्र के हेतु अभिषाप है।

एक देश, एक चुनाव समय की पुकार है।

मतदान अवश्यक करें, देश के विकास में सहयोग दें।

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# मानव स्वास्थ्य के लिए पोषण, जीवनशैली और पर्यावरण में नवाचार



प्रो. अशोक कुमार

मानव स्वास्थ्य एक जटिल विषय है जो पोषण, जीवनशैली और पर्यावरण जैसे कई कारकों से प्रभावित होता है। आधुनिक विज्ञान और तकनीक ने इन क्षेत्रों में कई नवाचार किए हैं, जिससे हम स्वस्थ और अधिक लंबा जीवन जी सकते हैं।

**पोषण में नवाचार**

व्यक्तिगतकृत पोषण: अब हम अपने जीन, माइक्रोबायोम और जीवनशैली के आधार पर व्यक्तिगत पोषण योजनाएँ बना सकते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि हम सही पोषक तत्व प्राप्त कर रहे हैं। व्यक्तिगतकृत पोषण एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें आपके आहार को आपके शरीर की विशिष्ट जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाता है। यह एक सामान्य आहार योजना से कहीं अधिक है, क्योंकि यह आपके जीन, जीवन शैली, स्वास्थ्य लक्ष्यों और अन्य कारकों को ध्यान में रखता है।

**क्यों है व्यक्तिगतकृत पोषण महत्वपूर्ण?**

यह आपके शरीर को वह पोषण देता है जिसकी उसे वास्तव में आवश्यकता होती है, जिससे आप अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों को अधिक तेजी से प्राप्त कर सकते हैं।यह आपके स्वाद और पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है, जिससे आप इसे लंबे समय तक बनाए रख सकते हैं। यह आपके लिए एक अद्वितीय योजना है, जो आपके शरीर की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करती है।

**व्यक्तिगतकृत पोषण कैसे काम करता है?**

व्यक्तिगतकृत पोषण योजना बनाने के लिए, आपके स्वास्थ्य इतिहास, वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, आनुवंशिक जानकारी, और जीवन शैली का विस्तृत विश्लेषण किया जाता है। इस जानकारी का उपयोग करके, एक पोषण विशेषज्ञ आपके लिए एक व्यक्तिगत आहार योजना तैयार करता है।

**व्यक्तिगतकृत पोषण के लाभ**

वजन कम करना या बढ़ाना हो, व्यक्तिगतकृत पोषण आपके लिए सबसे अच्छा तरीका हो सकता है।

मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोग जैसी बीमारियों को प्रबंधित करने में मदद कर सकता है। एथलीटों के लिए, व्यक्तिगतकृत पोषण उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। यह आपकी ऊर्जा के स्तर को बढ़ा सकता है, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर सकता है, और आपकी समठा भलाई में सुधार कर सकता है।

**व्यक्तिगतकृत पोषण कैसे प्राप्त करें?**

एक पोषण विशेषज्ञ आपके स्वास्थ्य इतिहास और लक्ष्यों के आधार पर आपके लिए एक व्यक्तिगत आहार योजना बना सकता है।

कई ऑनलाइन उपकरण उपलब्ध हैं जो आपके लिए एक व्यक्तिगत आहार योजना बनाने में मदद कर सकते हैं।आपकी आनुवंशिक जानकारी आपके लिए सबसे अच्छा आहार क्या है, यह निर्धारित करने में मदद कर सकती है। मांस के विकल्प के रूप में पौधे आधारित प्रोटीन जैसे सोया, मटर और क्विनोआ तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये पर्यावरण के लिए भी बेहतर हैं।

फूड टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम अधिक पौष्टिक और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों में आवश्यक विटामिन और खनिज होते हैं।

**जीवनशैली में नवाचार**

फिटनेस ट्रैकर्स और स्मार्टवॉच जैसे वेअरेबल टेक्नोलॉजी हमें अपनी गतिविधि, नींद और हृदय गति पर नज़र रखने में मदद करते हैं।

तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए कई ऐप्स उपलब्ध हैं। टेलीमेडिसिन से दूर रहने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकती हैं।

**पर्यावरण में नवाचार**

सस्टेनेबल कृषि से स्वस्थ और अधिक पौष्टिक खाद्य पदार्थ पैदा होते हैं। यह पर्यावरण को भी कम नुकसान पहुंचाती है। सस्टेनेबल कृषि या स्थायी कृषि एक ऐसा कृषि तरीका है जो वर्तमान पीढ़ी की खाद्य और फाइबर की जरूरतों को पूरा करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करता है। यह कृषि प्रणाली पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक रूप से टिकाऊ होती है।

**सस्टेनेबल कृषि के मुख्य सिद्धांत**

मृदा स्वास्थ्य: मिट्टी को जैविक पदार्थों से समृद्ध करके, फसल चक्रण और कवर क्रॉप्स का उपयोग करके मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखना।

जल संरक्षण: सिंचाई की कुशल तकनीकों का उपयोग करके, वर्षा जल संचयन और जल स्त्रोतों के संरक्षण पर ध्यान देना।

जैव विविधता: विभिन्न प्रकार की फसलों और पशुओं को उगाने से पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बना रहता है।

रसायनों का कम उपयोग: रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम करके पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की रक्षा करना।

ऊर्जा दक्षता: सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करके ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना।

**सस्टेनेबल कृषि के लाभ**

पर्यावरण संरक्षण: मिट्टी का क्षरण रोकना, जल प्रदूषण कम करना, जैव विविधता को बढ़ावा देना।

खाद्य सुरक्षा: स्वस्थ और सुरक्षित खाद्य उत्पादन करना।

आर्थिक लाभ: लंबे समय में लागत कम होती है, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

सामाजिक लाभ: ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना।

**सस्टेनेबल कृषि की कुछ तकनीकें**

फसल चक्रण: विभिन्न प्रकार की फसलों को एक ही भूमि पर बारी-बारी से उगाना।

कवर क्रॉप्स: मुख्य फसल के साथ या बिना किसी मुख्य फसल के उगाई जाने वाली फसलें जो मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करती हैं।

जैविक खाद: पौधों और पशुओं के अपशिष्ट से बनाई गई खाद जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है।

कीट नियंत्रण के जैविक तरीके: कीटों को नियंत्रित करने के लिए प्राकृतिक शत्रुओं का उपयोग करना।

स्वच्छ ऊर्जा: स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा का उपयोग प्रदूषण को कम करता है और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

स्मार्ट सिटीज़: स्मार्ट सिटीज़ में पर्यावरण के अनुकूल तकनीकें होती हैं जो लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं।

**भविष्य में क्या है?**

जीन एडिटिंग: जीन एडिटिंग से हम भविष्य में बीमारियों का इलाज कर सकते हैं और अधिक पौष्टिक फसलें पैदा कर सकते हैं।

जीन एडिटिंग: भविष्य की चिकित्सा और कृषि

जीन एडिटिंग एक ऐसी तकनीक है जिसके माध्यम से हम जीवों के डीएनए में बदलाव कर सकते हैं। यह तकनीक बीमारियों के इलाज और अधिक पौष्टिक फसलें पैदा करने जैसी कई संभावनाओं को खोलती है।

**जीन एडिटिंग से बीमारियों का इलाज**

आनुवंशिक बीमारियां: जीन एडिटिंग का उपयोग उन जीनों को ठीक करने में किया जा सकता है जो आनुवंशिक बीमारियों का कारण बनते हैं। जैसे कि सिकल सेल एनीमिया, हंटिंगटन रोग आदि।

कैंसर: जीन एडिटिंग का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने और उन्हें नष्ट करने के लिए किया जा सकता है।

संक्रामक रोग: जीन एडिटिंग का उपयोग मच्छरों जैसे कीटों को संशोधित करने के लिए किया जा सकता है ताकि वे मलेरिया जैसी बीमारियों को फैला न सकें।

**जीन एडिटिंग से अधिक पौष्टिक फसलें**

पोषक तत्वों में वृद्धि: जीन एडिटिंग का उपयोग फसलों में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। जैसे कि गोल्डन राइस में विटामिन ए की मात्रा बढ़ाना।

रोग प्रतिरोधक क्षमता: जीन एडिटिंग का उपयोग फसलों को रोगों और कीटों के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाने के लिए किया जा सकता है।

सूखा और खराब मौसम के प्रतिरोध: जीन एडिटिंग का उपयोग फसलों को सूखा और खराब मौसम के प्रति अधिक सहनशील बनाने के लिए किया जा सकता है।

**जीन एडिटिंग की चुनौतियाँ**

नैतिक मुद्दे: जीन एडिटिंग के उपयोग से जुड़े कई नैतिक मुद्दे हैं। जैसे कि मानव जर्मलाइन एडिटिंग, जो भविष्य की पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती है।

अनिच्छित परिणाम: जीन एडिटिंग के अवांछित परिणाम हो सकते हैं जिनके बारे में हमें अभी तक पूरी तरह से पता नहीं है।

नियमन: जीन एडिटिंग के उपयोग को विनियमित करने के लिए स्पष्ट नियमों और कानूनों की आवश्यकता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल में किया जा सकता है।

बायोप्रिंटिंग: बायोप्रिंटिंग का उपयोग अंगों और ऊतकों को बनाने में किया जा सकता है।

बायोप्रिंटिंग: अंगों और ऊतकों का निर्माण

बायोप्रिंटिंग एक ऐसी क्रांतिकारी तकनीक है जिसके माध्यम से जीवित कोशिकाओं, जैव सामग्री और जैव-रसायनों का उपयोग करके त्रि-आयामी (3) जैविक संरचनाओं, जैसे ऊतकों और अंगों, का निर्माण किया जाता है। यह तकनीक चिकित्सा क्षेत्र में एक नई क्रांति ला रही है।

**बायोप्रिंटिंग कैसे काम करती है?**

जैव-स्याही: इसमें जीवित कोशिकाएं, ग्रोथ फैक्टर और जैविक पॉलिमर जैसे हाइड्रोजेल होते हैं।

3 प्रिंटर: एक विशेष प्रकार का 3 प्रिंटर इस जैव-स्याही को परत दर परत जमा करके एक त्रि-आयामी संरचना बनाता है।

जीवित ऊतक: समय के साथ, ये कोशिकाएं बढ़ती हैं और एक जीवित ऊतक बनाती हैं।

**बायोप्रिंटिंग के उपयोग**

अंग प्रत्यारोपण: बायोप्रिंटिंग का उपयोग रोगी के स्वयं के कोशिकाओं का उपयोग करके नए अंग बनाने में किया जा सकता है, जिससे अंग प्रत्यारोपण में होने वाली अस्वीकृति की समस्या को कम किया जा सकता है।

**-अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान**
**विश्वविद्यालय जयपुर**

# 813वां उर्स: बड़े कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन आज होगा

- **बड़े कुल की रस्म में शिरकत के लिए अकीदतमंदों का अजमेर पहुंचने का सिलसिला जारी**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में चल रहे हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स का समापन शुक्रवार को बड़े कुल की रस्म और जुमे की नमाज के साथ होगा। कुल की रस्म दरगाह से जुड़े खादिमों द्वारा अदा की जाएगी। केवड़े, इत्र और गुलाब जल से दरगाह परिसर की धुलाई की जाएगी। ख्वाजा साहब के उर्स की आखिरी रस्म बड़ा कुल पर शुक्रवार सुबह 8:30 बजे आस्ताना शरीफ में खिदमतगार खादिमों द्वारा गुस्ल दिया जाएगा और ख्वाजा साहब की मजार पर नया गिलाफ पेश किया जाएगा।

आस्ताना शरीफ के बाहर अकीदतमंदों द्वारा दरगाह की दरों दीवार की धुलाई करेंगे। इस दौरान पानी को शीशियों में भरकर बतौर तबर्रुक ले जाएंगे। बड़े कुल की रस्म में शिरकत के लिए अकीदतमंद का अजमेर पहुंचने सिलसिला जारी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग यहां पहुंच रहे हैं। इधर दरगाह परिसर में रात से ही अनेक अकीदतमंद ने बड़े कुल के छींटे देने शुरू कर दिए। आस्ताना शरीफ मामूल होने के बाद यह सिलसिला शुरू हुआ,अकीदतमंद आस्ताना शरीफ की दीवार को केवड़े व गुलाब जल से धोते नजर आए। दरगाह कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्स के दौरान पड़ने वाले दूसरे जुमे की नमाज होगी और इसी दिन बड़े कुल की रस्म भी अदा की जाएगी। एक ही दिन और लगभग एक ही समय के चलते दरगाह कमेटी द्वारा नई व्यवस्था के तहत कुल की रस्म एक घंटे पहले की जाएगी, इसके बाद जुम्मे की नमाज अदा की जा सकेगी। उर्स में आम तौर पर छोटे कुल की रस्म में भाग लेने के बाद जायरीन का लौटना शुरू हो जाता है। इस बार बड़े कुल वाले दिन ही शुक्रवार है, इसलिए अधिकांश जायरीन दोपहर को नमाज पढ़ने के बाद ही जाएंगे। हालांकि उर्स के दिनों में दरगाह में जायरीन की जियारत का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन इस बार बड़े कुल और जुम्मा एक ही दिन होने से बड़ी संख्या में जायरीन अजमेर में मौजूद रहेंगे।

**दिल्ली सीएम आतिशी व पूर्व सीएम केजरीवाल की चादर पेश :** ख्वाजा साहब के 813 वें सालाना उर्स के मैके पर वीआईपी चादरों का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रतिनिधियों ने चादर पेश की। चादर पेश कर देश में अमन, चैन, शांति और भाईचारा की दुआ की गई। इसके बाद दरगाह के बुलंद दरवाजे पर भेजा गया संदेश भी पढ़ा गया।

गुरुवार को दिल्ली स्टेट उर्स कमेटी के अध्यक्ष एफआई इस्माइली पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी की चादर लेकर अजमेर दरगाह पहुंचे। चादर पेश करने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा गया। दिल्ली उर्स कमेटी के अध्यक्ष एफआई इस्माइली ने कहा कि दिल्ली में अगले महीने चुनाव होंगे। दिल्ली में थोड़ा माहौल अलग बना हुआ है। एक काम करने वाली पार्टी है, हम यही दुआ करेंगे कि जिन्होंने दिल्ली में काम किया उन्हें का लोग सपोर्ट करेंगे।

वहीं नागपुर में दरगाह ताजुद्दीन बाबा से आए दल ने 813 वें उर्स के मौके पर जियारत की ओर मखमली गिलाफ पेश किया। दल को अंजुमन यादगार के संयुक्त सचिव शेखजादा इमरान मोहम्मद चिश्ती ने जियारत कराई और दस्तारबंदी की खादिम शेखजादा इरफान चिश्ती ने सभी को तबर्रुक भेंट किया। दल हर वर्ष उर्स के मौके पर अजमेर आकर हाजरी देता है। इस मौके पर काशिफ ताजी खादिम ताज बाबा, नोमान अशरफी, रजा मतीन, रफीक, कोनेन अशरफी, अवेज, उस्मान खान, सरफराज, मुजम्मिल खान, फैजान, अयाज खान, शाकिर अली, नूरु खान, मुंबश्शिर, अकील, सूफी रजा, रिजवान, शरिक कुरैशी, तारिक, फरमान ताजी, अहमद अली मौजूद रहे।

# देवली शहर में चाइनीज़ मांझा की बिक्री धड़ल्ले से

- **पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे से पक्षी, बाइक सवार और पैदल चलने वाले राहगीर घायल हो रहे हैं**
- **सूचना के बावजूद पुलिस और पालिका प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की**

**देवली, (निसं)।** इन दिनों मकर संक्रांति त्योहार के चलते यहां पतंगबाजी का दौरा जोर-शोर से शुरू हो गया है। पतंगबाजी में प्रतिबंध चाइनीज़ मांझे की डोर का इस्तेमाल हो रहा है।

यहां खुलेआम बिक रहा प्रतिबंध चाइनीज़ मांझा बेजुबान पक्षियों और राहगीरों के लिए घातक बना हुआ है। ऐसे हालातों को देखकर भी जिम्मेदारना प्रशासन जानबूझकर अनजान बना हुआ है। यहां लोगों का मानना है कि पुलिस और पालिका प्रशासन की मिलीभगत से प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे की बिक्री जोरों पर हो रही है, जबकि कानूनन तोर पर चाइनीज़ मांझे की बिक्री की रोकथाम हेतु सुप्रीम कोर्ट ने सख्त आदेश जारी किए हुए हैं, बावजूद इसके शहरभर में मांझे की बिक्री जोरों पर चल रही है। इसलिए कि मकर संक्रांति का पर्व नजदीक होने के कारण युवा एवं बच्चे पतंगबाजी के शौक में पूरा करने के लिए प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे की खरीदारी जोर शोर से कर रहे हैं।

देवली शहरवासियों का यह भी मानना है कि शहर में चाइनीज़ मांझे की बिक्री की जानकारी पुलिस और पालिका प्रशासन को बखूबी प्राप्त है। वहीं जानकारी यह भी प्राप्त है कि इसकी चपेट में रोजाना कई पक्षी आकर अकाल मौत का ग्रास बन रहे हैं या जख्मी हो रहे हैं। ऐसे में पुलिस और पालिका प्रशासन दोनों ही चाइनीज़ मांझे की हो रही बिक्री को नहीं रोक पा रहे हैं। उक्त मामले में सूचना मिलने के बाद भी प्रशासन ने अभी तक चाइनीज़ मांझे की बिक्री पर रोक के लिए कोई ठोस पहल नहीं की है। गौर करने वाली बात यह भी है कि शहर भर के साथ साथ पुलिस थाने के ठीक सामने गांधी पार्क वाली गली में चाइनीज़ मांजे का बड़ा कारोबार खुलेआम हो रहा है।

जब ऐसे हालातों पर पुलिस थाना प्रभारी और पालिका अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो पालिका अधिशासी अधिकारी ने यह बताया कि चाइनीज़ मांझी की बिक्री पर कार्रवाई की गई है, लेकिन किस स्तर पर कार्रवाई की गई है यह नहीं बताया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 10 जनवरी, 2025**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, कृत्तिका नक्षत्र दिन 1:45 तक, शुभ योग दिन 2:36 तक, विष्टि करण दिन 10:20 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृष, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग दिन 1:45 से सूर्योदय तक है। भद्रा दिन 10:20 तक रहेगी। आज पुत्रदा एकादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:40 तक, लाभ-अमृत 8:40 से 11:16 तक, शुभ 12:34 से 1:52 तक, चर 4:29 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:45

**मेष**




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृष**



व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**




आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कर्क**




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**सिंह**



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृश्चिक**



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे।

**धनु**




अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**




घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के उद्घाटन समारोह में पाक विस्थापितों को पुनर्वास के लिये भूखंड के आवंटन पत्र दिये। कुल 118 परिवारों को भूखंड दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रुप से 5 परिवारों को आवंटन पत्र प्रदान किये।*

# देश में विभिन्न श्रेणियों के चयनित 10 हज़ार लोग गणतंत्र दिवस परेड देखेंगे

## कल्याणकारी योजनाओं में सर्वोत्तम काम तथा अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को विशेष अतिथि बनाया जायेगा

नयी दिल्ली, 09 जनवरी। राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राजधानी के कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस की परेड को देखने के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में सर्वोतम कार्य करने वाले लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विविध पृष्ठभूमि वाले भारत के उन ''स्वर्णिम निर्माताओं'' को परेड का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित किया गया है जिन्होंने सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम इस्तेमाल करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इन विशेष अतिथियों को 31 श्रेणियों में से बुलाया गया है, जिनमें गांवों के सरपंच ,आपदा राहत कार्यकर्ता,वाइब्रेंट विलेज से आए मेहमान, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जल योद्धा, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के सदस्य और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पानी समिति के सदस्य आदि शामिल हैं।

■ **विशेष अतिथियों का चयन 31 श्रेणियों में से किया जायेगा, जिनमें सरपंच, आपदा राहत कार्यकर्ता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले जल योद्धा, प्राथमिक कृषि ऋण समिति तथा पानी समिति के सदस्य आदि प्रमुख हैं।**

उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने पंचायतों के बीच एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की घोषणा की थी। जिन पंचायतों ने कम से कम छह प्रमुख योजनाओं में लक्ष्य हासिल किए हैं, उन्हें विशेष अतिथि के रूप में चुना गया।

आमंत्रित अतिथियों में से कुछ, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आय और रोजगार सृजन तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, जल स्वच्छता और सफाई, पंचायती राज संस्थाओं-समुदाय आधारित संगठनों और लैंगिक गतिविधियों के क्षेत्रों में काम करने वाले सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। ऐसे सदस्यों को प्राथमिकता दी गई है, जो कभी राजधानी दिल्ली नहीं आये हैं।

प्रधानमंत्री-जनमन मिशन प्रतिभागियों, आदिवासी कारीगरों, वन धन विकास योजना के सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम उपक्रमों, आशा कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों को भी आमंत्रित किया गया है।

आपदा राहत और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपदा राहत कार्यकर्ताओं, पानी समिति, जल योद्धाओं, सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों, वन और वन्यजीव संरक्षण स्वयंसेवकों को पहली बार गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और प्रधानमंत्री कुसुम के तहत पर्यावरण संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के उपयोग में सहयोग करने वाले किसानों और परिवारों को भी पहली बार आमंत्रित किया गया है।

पैरा-ओलंपिक दल के सदस्य, शतरंज ओलंपियाड पदक विजेता, ब्रिज वर्ल्ड गेम्स रजत पदक विजेता और स्नूकर वर्ल्ड चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, क्योंकि उन्होंने अपने-अपने खेलों में अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है।

नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए, पेटेंट धारकों और स्टार्ट-अप को भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल किया गया है। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत स्कूली बच्चे, जो अखिल भारतीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता और वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेता बनकर उभरे हैं, वे भी गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# मुख्यमंत्री ने जोधपुर में पाक विस्थापितों को भूखंड दिये

## राज्य सरकार के जन घोषणा पत्र में पाक विस्थितियों के विकास के वादा के तहत यह आवंटन किया गया है

जोधपुर, 9 जनवरी (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को पश्चिमी राजस्थान उद्योग शिल्प उत्सव के विधिवत् शुभारंभ के अवसर पर पाक विस्थापितों को पुनर्वास के लिए आवासीय भूखण्डों के आवंटन पत्र दिए। राज्य सरकार के जन घोषणा पत्र में पाक विस्थापितों के सर्वांगीण विकास का वादा किया गया है, जिसमें नागरिकता से जुड़ी समस्या व पुनर्वास का समाधान भी सम्मिलित हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में रह रहे पाक विस्थापितों में अधिकतर परिवार समाज के कमजोर वर्ग से आते हैं। जन घोषणा की क्रियान्विति हेतु पाक विस्थापितों का पुनर्वास करने की दिशा में राज्य सरकार ने कई कदम उठाये हैं। इसी क्रम में, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर ने विनोबा भावे नगर आवासीय योजना विकसित की है। कार्यक्रम में, विनोबा भावे नगर आवासीय योजना में चयनित 118 परिवारों में से पांच परिवारों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री ने आवंटन पत्र प्रदान किए।

■ **जोधपुर विकास प्राधिकरण ने विनोबा भावे नगर के 1700 भूखंडों से 118 चयनित पाक विस्थापितों को लॉटरी के माध्यम से भूखंड आवंटित किया।**

विनोबा भावे नगर आवासीय योजना राजस्व ग्राम चौखा के ख.सं. 28 में 310 बीघा भूमि में स्वीकृत है। योजना जोधपुर रेल्वे स्टेशन से मात्र 18 कि.मी. दूरी पर है। योजना के अन्तर्गत पार्क, व्यवसायिक भूखण्ड, ओसीएफ एवं अन्य सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। योजना में कुल 1700 भूखण्ड हैं, जिनकी आरक्षित दर प्राधिकरण द्वारा राजस्थान नगरीय विकास निकाय (भूमि निष्पादन नियम 1974 के अधीन) आरक्षित दर 9178/-रूपए प्रति वर्गमीटर रखी गयी है। जेडीए द्वारा वर्तमान में 118 चयनित पाक विस्थापित परिवारों को लॉटरी के माध्यम से भूखण्ड आवंटन किए गए हैं। योजना में 60 वर्गमीटर तक के भूखण्ड आरक्षित दर के 25 प्रतिशत मूल्य, यानी 2295/-रूपये प्रति वर्गमीटर की दर पर आवंटित किए गए हैं।

इस अवसर पर, प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी, सचिव भागीरथ विश्नोई, उपायुक्त जोन-4 अदिति पुरोहित, उपायुक्त जोन-3 जयपाल सिंह राठौड़, तहसीलदार जोन-4 हंसराज राठौड़, आईटी सेल के एसीपी नरेश कुमार एवं प्रोग्रामर कैलाश जोशी भी उपस्थित थे।

### आर.पी.एस.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाहिर होता है कि 2019 में ऐसे कई अभ्यर्थी थे, जिन्होंने अपने आखिरी सत्र की अंतिम परीक्षा नहीं दी थी, उनके द्वारा दायर याचिकाओं को अदालत खारिज कर सकती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी जिरह की गई थी कि आरपीएससी स्वयं ही उन अभ्यर्थियों को हटा देगी, जिन्होंने आखिरी सत्र की अंतिम परीक्षा में भाग नहीं लिया है। अदालत ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद, आर.पी.एस.सी. को आदेश दिये कि वह नयी मैरिट लिस्ट जारी करे और उन अभ्यर्थियों को हटाये, जिन्होंने डिग्री के आखरी सत्र की अंतिम परीक्षा नहीं दी है और उन अभ्यर्थिओं को भी लिस्ट से हटाये, जिन्होंने फॉर्म भरने की आखिरी तिथि 24 नवंबर 2019 तक फॉर्म जमा नहीं किया था। अदालत ने उन याचिकाकर्ताओं को राहत दी है, जिन्हें आरपीएससी ने मैरिट लिस्ट में जगह नहीं दी थी, जबकि उन्होंने नियम अनुसार डिग्री प्राप्त कर रखी थी या कोर्स के अंतिम सत्र की आखिरी परीक्षा दे रखी थी।

# 'सायबर फ्रॉड के पीड़ित को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

94,204 रु. चुरा लिये। चुराया गया पैसा कई यू.पी.आई. ट्रान्ज़ैक्शनों के जरिये ट्रान्सफर हुआ। जांच में सामने आया है कि यह घोटाला लूइस फिलिप वेबसाइट पर 2021 डेटा-ब्रीच से शुरु हुआ था। लूइस फिलिप की वेबसाइट से ग्राहक की संवेदनशील जानकारी उपलब्ध कराई थी, जिसमें पीड़ित के कॉन्टैक्ट डिटेल शामिल थे। इस डेटा की मदद से, फ्रॉड करने वाले ने घोटाले के रुपरेखा बनाई तथा उसे अंजाम दिया, और पीड़ित के पास केवल अवांछित ब्लैजर और खाली हो चुका बैंक खाता रह गया।

फ्रॉड के अन्तर्गत हुये ट्रांज़ैक्शन्स की जानकारी मिलने पर, पीड़ित ने तुरंत ही अपना खाता बंद करने के कदम उठाये तथा इस घटना की रिपोर्ट असम पुलिस, आर.बी.आई. बैंकिंग लोकपाल तथा गृहमंत्रालय को, उसके नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से कर दी।

उसकी इस त्वरित कार्यवाही के बावजूद, एस.बी.आई. ने अपनी जवाबदेही ने इनकार कर दिया और तर्क दिया कि वे ट्रान्ज़ैक्शन गूगल पे के जरिये हुये थे, जो थर्ड पार्टी ऐप है, तथा बैंक सीधे उसकी सिफारिश नहीं करता है। एस.बी.आई. के रुख को स्वीकार करने से इनकार करते हुये, पीड़ित ने कानूनी कार्यवाही की तथा गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने उसके पक्ष में फैसला दिया।

अदालत ने माना कि फ्रॉड की हैन्डलिंग में एस.बी.आई. ने लापरवाही बरती, क्योंकि इस फ्रॉड की सूचना बैंक को कुछ घंटों के अन्दर ही दे दी गई थी। इसलिये, उच्च न्यायालय ने एस.बी.आई को आदेश दिये कि वह पूरी धनराशि रिफन्ड करे।

एस.बी.आई. इस प्रकरण को सर्वोच्च न्यायालय ले गया तथा उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी मूल फैसले को कायम रखा तथा समयान्तर्गत हस्ताक्षेप न करने के लिये एस.बी.आई. की आलोचना की। अदालत ने जोर देते हुये कहा कि बैंक की जिम्मेदारी है कि यह इस प्रकार फ्रॉड को रोकने के लिये अपनी उन्नत तकनीकी क्षमताओं का उपयोग करे। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत ने एस.बी.आई. को चोरी हुआ पैसा रिफन्ड करने के निर्देश दिये। इसके अलावा, अदालत से एस.बी.आई. को अनुमति प्रदान की कि वह फ्रॉडकर्ता से पैसा वसूले, जिसे असम पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

फैसले में बैंकों तथा ग्राहकों दोनों की ही सजगता की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात को दोहराया कि जहां वित्तीय संस्थाओं, साइबर फ्रॉड को रोकने के लिये सक्रियता एवं सजगता से काम करना चाहिये, वहीं, ग्राहकों को भी संवेदनशील जानकारी शेयर करने या थर्ड पार्टी एप्लीकेशन्स का उपयोग करने में सावधानी से काम लेना चाहिये।

### दिल्ली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है तथा उसके खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इसके बाद कांग्रेस का प्रचार तो मंद पड़ गया है पार्टी बैक फुट पर दिख रही है।

यह सवाल तक पूछा जा रहा है कि क्या कांग्रेस गंभीरता से दिल्ली चुनाव लड़ रही है?

ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे ने केजरीवाल को समर्थन करने का वादा किया है तथा वे दिल्ली में उनके लिए सभाएं भी करेंगे।

दिल्ली के त्रिकोणात्मक चुनाव में कांग्रेस सबसे कमज़ोर पार्टी है तथा इसके एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरने की लेश मात्र भी संभावना नहीं है।

### संभल की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया जा चुका है तथा 19 ऐसे कुएं चिन्हित किये गये हैं, जिन्हें सार्वजनिक पूजा/ उपयोग लायक बनाने का काम चल रहा है।''

आवेदन पत्र में आगे कहा गया है: ''जिला प्रशासन पुराने मंदिरों तथा कुओं के तथाकथित पुररुद्धार के अभियान के अन्तर्गत, यह प्रचार कर रहा है कि इस कुएं के सार्वजनिक उपयोग की मंजूरी दी जा रही है। प्रशासन जोर देते हुए कह रहा है कि कुओं का धार्मिक महत्व है।'' प्रार्थना पत्र में आगे कहा गया है कि पूरे संभल नगर में तथा मस्जिद के पास ऐसे पोस्टर लगा दिये गये हैं, जिनमें ऐतिहासिक कुओं की स्थिति बताई गई है तथा पोस्टरों में मस्जिद को मंदिर के रुप में दर्शाया गया है।

### गुरुवार को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों में देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्पिरेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

# 'नीतीश सरकार ने गैर कानूनी गिरफ्तारी की प्रशांत किशोर की'

## प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने नीतीश सरकार पर आरोप लगाया

पटना, 09 जनवरी। जन सुराज ने पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी को लेकर नीतीश सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि बिना कस्टडी वॉरंट लिए पुलिस उन्हें बेऊर जेल ले गई, जहां जेल अधीक्षक ने बिना कागज उन्हें अंदर रखने से मना कर दिया। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अभ्यर्थियों के समर्थन में किशोर दो जनवरी से आमरण अनशन पर हैं। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ी और उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल के आईसीयू वार्ड में रखा गया है। आज उनके अनशन का आठवां दिन है।

■ **जन सुराज पार्टी ने कहा कि प्रशांत किशोर पर घातक हथियार रखने की धाराएं लगाई हैं, क्या बिहार पुलिस कम्बल और मफलर को हथियार मानती है।**

■ **इसी बीच खबर है कि प्रशांत किशोर की तबयित बिगड़ गई है, उन्हें पटना में मेदांता अस्पताल के आई.सी.यू. में भर्ती किया गया है।**

■ **प्रशांत किशोर बिहार लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के समर्थन में 2 जनवरी से आमरण अनशन पर हैं।**

जन सुराज अध्यक्ष मनोज भारती के नेतृत्व में सभी प्रमुख नेताओं ने गुरूवार को प्रेसवार्ता की। इस प्रेसवार्ता में जन सुराज युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा, किशोर कुमार मुन्ना, अधिवक्ता अमित कुमार, पूर्व एमएलसी रामबली चन्द्रवंदशी उपस्थित रहे।

अधिवक्ता अमित कुमार ने बताया कि यह आश्चर्यजनक है कि जब किशोर को न्यायालय परिसर से निकाला गया, और बेऊर जेल की ओर ले जाया गया तब अदालत के अंदर सुनवाई चल ही रही थी। बिना कस्टडी के कागज लिए इन्होंने किशोर को बेऊर जेल ले जाना चाहा। जेल अधीक्षक ने बिना कस्टडी कागज के उन्हें अंदर रखने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि जिन धाराओं पर केस दर्ज किया गया है, वह चौंकाने वाला है।

कुमार ने बताया बीएनएस धारा 190, 191 (2), (3) और 223 सभी के सभी जमानती धाराएं हैं, लेकिन ये हास्यास्पद है कि 191(3) यह धारा दंगा करने का दोषी, यह घातक हथियार रखने पर लगाया जाता। वहां पर किसी बच्चे के हाथ में एक छड़ी तक नहीं थी, कम्बल और मफलर को बिहार पुलिस हथियार मानती है तो बिहार पुलिस गजब है, ये सत्याग्रह था, यह किस तरह से उपद्रवी हो गया।और सबसे बड़ी बात प्राथमिकी गांधी मैदान थाना में हुआ था, और उन्हें गांधी मैदान थाने में क्यों नहीं ले जाया गया। बेऊर जेल ले गए, जब भीड़ नहीं संभाली गई तो माइक किशोर को ही थमा दिया गया।

मिश्रा ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठात हुये कहा कि किसी को नहीं पता था वे लोग किशोर को कहां ले कर जा रहे है, तब मैं पीछे गया और मैने देखा कि किसी पुलिस अफसर के वर्दी पर नाम प्लेट नहीं था, रैंक नहीं था किसी ने कैप तक नहीं लगाया था। बिहार पुलिस के नाम पर बहरूपिया हो क्या पता, किसी ने अपनी आइडेंटिटी तक नहीं बताई। ऐसा बरताव किसी आतंकी के साथ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मैं डीजीपी से आग्रह करता हूं, कम से कम बेसिक गाइडलाइंस फॉलो कीजिए। डीके बासु गाइडलाइंस साफ कहती है अपना आइडेंटिटी बताना होता है। वहां पर कोई अपना रैंक नहीं बता रहा, जब मैने गाइडलाइंस याद दिलाया फिर उन्होंने बस अपना रैंक बताया। यह पूरी तरह से गैरकानूनी डिटेंशन किया गया था।

मुन्ना ने बताया सुबह चार बजे बड़े संख्या में पुलिस आती है और किशोर को जबरन उठाती है और एम्स लेकर जाती है। वहां जाकर एम्स प्रशासन और डाक्टर को किशोर को एडमिट करने के लिए दवाब दिया जाता है, लेकिन एम्स प्रशाशन बिना कागजात उन्हें भर्ती करने से मना कर देता है।

## कार्ति चिदम्बरम पर सी.बी.आई. ने नया केस दर्ज किया

नयी दिल्ली, 09 जनवरी। सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है, साल 2018 में सीबीआई ने कार्ति एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड उनके सहयोगी एस भास्कररमन और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी। यह जांच विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड से जुड़े एक मामले में हो रही थी।

■ **कार्ति चिदम्बरम को सी.बी.आई. ने 2018 में मीडिया से जुड़े एक मामले में भी गिरफ्तार किया था।**

जांच में पाया गया कि डियाजियो स्कॉटलैंड और सिकोइया कैपिटल्स ने संदिग्ध तरीके से उक्त कंपनी के खाते में पैसा ट्रांसफर किया था। यह वही कंपनी है जो मीडिया मामले और चीनी कर्मचारियों को भारतीय वीजा दिलाने के एक अन्य मामले में सीबीआई और ईडी की जांच के दायरे में थी।

सीबीआई का आरोप है कि डियाजियो स्कॉटलैंड ने यह प्रतिबंध हटवाने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया।

# मेरठ में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या

मेरठ, 09 जनवरी। मेरठ में एक ही परिवार के 5 लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। घर के अंदर पति-पत्नी के शव चादर में लिपटे मिले। जबकि उनकी तीन बेटियों को मारकर उन्हें बोरी में भरा गया, फिर बेड के बॉक्स में छिपा दिया गया। घर के गेट पर बाहर से ताला लगा था। रिश्तेदार और भाई सुबह से फोन कर रहे थे, लेकिन कॉल नहीं उठ रही थी। पड़ोसियों ने भी एक दिन से परिवार को देखा नहीं था।

यह पूरा मामला लिसाड़ी गेट इलाके के सोहेल गार्डन का है। मरने वालों में पति मोईन, पत्नी आसमा और 3 बेटियां- अफ़सा (8), अजीजा (4), अदीबा (1) शामिल हैं। मोइन मिस्त्री का काम करता था।

पुलिस और फोरेंसिक टीम घर की तलाशी ले रही हैं। मोईन किराए के मकान में रहता था। घर की दीवारों पर प्लास्टर भी नहीं था। मकान 70 वर्ग गज में बना हुआ है। दरवाजे को तोड़ने के बाद भाई अंदर पहुंचा। जमीन पर कपड़े और सामान बिखरे हुए थे। दरवाजे के सामने ही एक कमरा था, पास में छोटा सा किचन। कमरे में जमीन पर बेड के पास मोईन और उनकी पत्नी की लाश थी, जो चादर की गठरी में थी। उनके गले धारदार हथियार से रेत दिए गए थे। जमीन पर खून ही खून फैला हुआ था।

■ **पति-पत्नी की लाश गठरी में और तीनों बेटियों की लाश बैड के अंदर मिली है।**

■ **हत्या की जानकारी तब मिली, जब मृतक का बड़ा भाई अपनी पत्नी के साथ उसके घर आया और उसने दरवाजा बाहर से बंद पाया।**

कमरे में किसी तरह की दुर्गंध नहीं थी। ऐसे में अनुमान लगाया गया मर्डर हुए ज्यादा वक्त नहीं बीता है। बेड में सामान रखने के लिए बॉक्स बने हुए थे। एक तरफ से यह भी खुला हुआ था। बेड के अंदर बच्चियों की लाशें छिपाई गई थीं। ये लाशें बोरियों में थीं। अंदर खून भी फैला हुआ था।

दरअसल, पूरा मामला तब खुला, जब मोईन का भाई सलीम अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे।

# एस.आई.भर्ती रद्द करने से हिचक रही है ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मंशा जाहिर करे कि वह एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने के पक्ष में है कि नहीं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कैबिनेट की कमेटी भी अपना मत रख चुकी है कि भर्ती परीक्षा को रद्द कर देना चाहिए। वहीं पुलिस महानिदेशक, राज्य सरकार के महाअधिवक्ता और गृह विभाग के अफसर भी अपनी सलाह सरकार के समक्ष पेश कर चुके है कि परीक्षा रद्द हो जानी चाहिए क्योंकि अभी तक की जांच यह आशंकित करती है कि एस.आई. भर्ती परीक्षा में काफी ज़ोर-शोर से पेपर लीक किया गया है और चीटिंग के माध्यम से अवांछित अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों व महाअधिवक्ता का यह भी मानना है कि कई चयनित अभ्यर्थी का आपराधिक पृष्ठ भूमि से आते हैं और उनकी नियुक्ति से पुलिस व्यववस्था चरमरा सकती है।

राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई दस फरवरी को तय करते हुए राज्य सरकार को केस से जुडे बकाया दस्तावेज पेश करने को कहा है।

एएजी की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी भर्ती को रद्द करने के संबंध में चार मानक तय कर चुका है। इसके तहत व्यापक नकल, जांच पूरी होने, चयनितों में अधिकांश नकलची होने और चयनितों में से नकलचियों को अलग नहीं कर पाने की सूरत में ही भर्ती रद्द हो सकती है। उन्होंने अदालत को पुनः बताया कि प्रकरण में फिलहाल जांच चल रही है।

राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि याचिका में सरकार पर मामले में निष्क्रिय रहने का आरोप नहीं है, पर एजी, एसआईटी और कमेटी की रिपोर्ट पर भर्ती रद्द करने की गुहार की गई है। याचिका में यह नहीं कहा गया कि राज्य सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में राज्य सरकार को समय सीमा में बांधकर भर्ती निरस्त करने की प्रार्थना अनुचित है। एएजी की ओर से यह भी कहा गया कि राज्य सरकार मामले की तह तक जाना चाहती है, लेकिन याचिका भर्ती को रद्द करवा कर जांच को पटरी से हटाने वाली है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के गृह विभाग के अधिकारियों, महाअधिवक्ता और कैबिनेट कमेटी की सलाह के बाद भी इस निष्कर्ष पर नहीं आ पा रही है कि परीक्षा को रद्द किया जाये या नहीं। कई अधिकारियों का कहना था कि राज्य सरकार अब अदालत के आदेश अनुसार ही कार्यवाही करेगी। राज्य सरकार के समक्ष परीक्षा रद्द करने के खिलाफ मंथन करने योग्य एक महत्वपूर्ण बिन्दू यह भी है कि अगर 2021 की परीक्षा रद्द करी जाती है तो 2021 से लेकर 2025 तक सब इंस्पेक्टर की भर्ती एक बार भी नहीं की गई हैं और रिक्तियां संख्या बढ़ कर हजारों में पहुंच जायेगी। अदालत ने कहा कि एएसजी आरडी रस्तोगी मामले में न्यायमित्र के तौर पर अदालत का सहयोग करें। इस पर एएसजी ने कहा कि वे केन्द्र सरकार के वकील हैं और प्रकरण में ईडी का पक्ष रख रहे हैं। ऐसे में न्याय मित्र की भूमिका में नहीं रह सकते। इस पर अदालत ने कहा कि इस मामले में केन्द्र सरकार पक्षकार नहीं है। इसलिए वे न्यायमित्र के तौर पर सहयोग करें। यदि किसी पक्ष को इस बात की आपत्ति होगी तो उसे भी सुन लिया जाएगा।मामले में अदालत ने कहा कि मंत्रियों की कमेटी, एसआईटी और महाधिवक्ता भर्ती को रद्द करने की सिफारिश कर चुके हैं, फिर सरकार में कौन बचा। अदालत ने पूछा कि मामले में निर्णय लेने का अधिकार किसे है। इस पर एएजी ने कहा कि इन्होंने अपनी राय दी थी और इसे मानने के लिए सरकार बाध्य नहीं है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट में उच्च स्तर पर मामला देखा जा रहा है। सरकार सभी पहलुओं को परखने के बाद ही निर्णय लेगी।

### प्रदेश को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को जमीन स्तर पर गति मिल रही है। वहीं सोलर संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रदेश को हुए अतिरिक्त आवंटन का यह निर्णय वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के राज्य सरकार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

# राजस्थान में घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना

नयी दिल्ली, 09 जनवरी। देश के उत्तरी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अगले तीन से चार दिन तक घना से बहुत घना कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कल तक और 12 जनवरी को राजस्थान में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

आईएमडी ने कहा, 11 और 12 जनवरी को बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में रात और सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बने रहने का अनुमान है ।

■ **उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम यू.पी., राजस्थान व एम.पी. में शनिवार में बारिश का अंदाज़ा।**

पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के साथ इसके संपर्क के कारण 10 से 12 जनवरी के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 11 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ , पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है, साथ ही 11 जनवरी को दक्षिण हरियाणा और राजस्थान में छिटपुट ओलावृष्टि के भी आसार व्यक्त किये हैं।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908

# उत्सव के माध्यम से प्रदेश के हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा : भजनलाल शर्मा

## जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया गया।

■ 'राज्य सरकार द्वारा शिल्पकारों को भी स्मार्ट टेक्नोलॉजी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है'

**जोधपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का हस्तशिल्प प्रदेश का गौरव है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई और प्रभावी नीतियां तैयार की है तथा स्टार्टअप क्षेत्र में भी नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प के संरक्षण एवं संवर्धन से विकसित राजस्थान और आपणो अग्रणी राजस्थान का विजन साकार रूप लेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से प्रदेश के हस्तशिल्प को बढ़ावा के साथ ही कारीगरों के लिए भी समृद्धि एवं रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। राज्य की ब्लू पॉटरी, मार्बल के हस्तशिल्प, पीतल की कलाकृतियां, मिनिएचर पेंटिंग, काष्ठ कलाकृतियां, कपड़ा छपाई आदि दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। ऐसे में यह उत्सव प्रदेश की अद्भुत हस्तशिल्प कला के संरक्षण एवं संवर्धन का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में राइजिंग राजस्थान के प्रयासों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 6 लाख से ज्यादा शिल्पकारों और कारीगरों के लिए हस्तशिल्प के क्षेत्र में प्रगति के नए रास्ते खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के शिल्पकारों और कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के लिए कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है। हाल ही में राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) नीति जैसी पहल की गई हैं। जिलों की उत्कृष्ट हस्तशिल्प को ओडीओपी में शामिल कर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हस्तशिल्पियों और कलाकारों की कला को सम्मानित करने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदर्शनी, कार्यशाला, सेमिनार आदि के आयोजन के लिए जयपुर में पीएम यूनिटी मॉल की स्थापना की जाएगी। साथ ही, प्रदेश में हस्तशिल्प, हैंडलूम और एमएसएमई के 50 नए क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माटी कला से जुड़े प्रदेश के कलाकारों के उत्थान के लिए माटी कला उत्कृष्टता केंद्र, चयनित खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं एवं समितियों के साथ ही बुनकर संघ से जुड़े बुनकरों को ऋण एवं सहायता उपलब्ध करवाना, नई पर्यटन इकाई नीति जैसे निर्णयों से हमारे शिल्पकारों को बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने कहा कि हम पारंपरिक हस्तशिल्प कला को संरक्षित करने के साथ इसे नवाचार और आधुनिक तकनीक से जोड़ कर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी उत्कृष्ट बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री 4.0 की ओर बढ़ने में हस्तशिल्प को तकनीकी नवाचार और स्मार्ट समाधानों का हिस्सा बनाना जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा शिल्पकारों को भी स्मार्ट टेक्नोलॉजी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर हस्तशिल्प उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया एवं उत्सव के केन्द्रीय पांडाल एवं बेट द्वारका का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ''लूणी: समग्र विकास को समर्पित एक वर्ष'' विकास पुस्तिका, मसाला उद्योग से संबंधित फोल्डर एवं लघु उद्योग भारती के मुख पत्र लघु उद्योग टाइम्स का भी विमोचन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने पांच पाक विस्थापितों को पट्टे भी वितरित किए।

कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक देवेन्द्र जोशी, अतुल भंसाली, बाबूसिंह राठौड़, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, लघु उद्योग भारती के संगठन मंत्री प्रकाश सहित अन्य जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे।

# आत्महत्या करने वाले कोचिंग छात्र का सुसाइड नोट सामने आया

## 'मैं पढ़ाई नहीं कर पाया मुझे माफ कर देना', यह लिखकर कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की थी

■ मध्यप्रदेश के गुना का रहने वाला छात्र पीजी में रहकर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था

**कोटा, (निसं)।** कोटा में बुधवार को आत्महत्या करने वाले कोचिंग स्टूडेंट का सुसाइड नोट सामने आया है, जिसमें उसने आत्महत्या करने के पीछे पढ़ाई ना कर पाने का कारण बताया है। इसके लिए उसने अपने परिवारजनों से माफी भी मांगी है। वह पीजी में रहकर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। मूलरूप से वह मध्यप्रदेश के गुना का रहने वाला था। गुरुवार को परिवार वाले आए और पोस्टमॉर्टम कराकर शव ले गए।

स्टूडेंट के भाई ने कहा कि वह अपनी मर्जी से कोटा इंजीनियरिंग की तैयारी करने आया था। उसने खुद ही सुसाइड नोट में लिखा है कि वह पढ़ाई नहीं कर पाया, इसलिए यह कदम उठा रहा है। अभिषेक गुना की तहसील बमोरी के लालचक गांव का रहने वाला था। वह कोटा के विज्ञान नगर इलाके के अंबेडकर नगर के पीजी में रहता था। अभिषेक के पिता महेंद्र लोधा किसान हैं। छात्र अभिषेक इनका इकलौता बेटा था। महेंद्र ने बताया कि बेटे से सात जनवरी को बात हुई थी। आठ जनवरी की शाम साढ़े सात बजे पीजी से फोन आया कि अभिषेक ने सुसाईड कर लिया है। अभिषेक के चचेरे भाई अजय ने बताया कि अभिषेक का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि मैं पढ़ाई नहीं कर पाया। दादा-दादी, पापा मुझे माफ कर देना। अभिषेक पढ़ाई में अच्छा था। वह अपनी मर्जी से ही कोटा आया था। हम यहां पर किसी पर आरोप नहीं लगा रहे। उसने सुसाइड नोट में खुद स्वीकार किया है कि वह पढ़ाई नहीं कर पाया।

अभिषेक के चाचा राकेश लोधा ने बताया कि मेरी आखिरी बार बात 29 दिसंबर को हुई थी। उससे पूछा था कि पढ़ाई कैसी चल रही है। बोला अच्छे से पढ़ रहा हूं। मैंने उससे पूछा भी था कि किसी प्रकार की कोई प्रॉब्लम तो नहीं है। दिसंबर में ही वह घर से कोटा गया था। 6 फरवरी को अभिषेक के ताऊ के बेटे की शादी है। अभिषेक ने चाचा से कहा था कि पेपर खत्म होने के बाद शादी में आऊंगा।

विज्ञान नगर थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि 8 जनवरी की शाम को सूचना मिली थी कि एक कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाईड कर लिया है। मौके पर पहुंचे तो अभिषेक पंखे से लटका हुआ था। पीजी के रूम में हैंगिंग डिवाइस भी नहीं लगी हुई थी। स्टूडेंट की डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम रूम में शिफ्ट कराया। साथ ही उसके परिवार वालों को सूचना दी थी। गुरुवार को परिजन आए जिन्हे पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंप दिया गया।

## छात्रा ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जहाजपुर थाना क्षेत्र के जालमपुरा गांव में एक छात्रा ने गले में साड़ी का फंदा डालकर कड़े से झूलकर आत्महत्या कर ली। छोटा भाई स्कूल से घर लौटा तो बहन का शव फंदे से लटका देखा और बाहर गये माता-पिता को सूचना दी। जहाजपुर थाना पुलिस ने बताया कि पिंका ने किन कारणों के चलते खुदकुशी की, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# मांगरोल पालिका का वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ बिल पास करने की एवज में 10 हजार की रिश्वत ली

**कोटा (निसं)।** कोटा एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर कोटा एसीबी टीम ने बारां जिले के मांगरोल नगर पालिका में कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के वरिष्ठ सहायक धन प्रकाश को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की कोटा शहर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उनके फार्म द्वारा करवाए गए विभिन्न कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में मांगरोल का वरिष्ठ सहायक धन प्रकाश 35 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। महानिदेशक ने बताया कि शिकायत पर एसीबी कोटा के महानिरीक्षक शिवराज सिंह के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर एसीबी के उप अधीक्षक अनीस अहमद द्वारा टीम के साथ मांगरोल में ट्रैप कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ सहायक धन प्रकाश को परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों के गिरफ्तार किया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है।

# राजस्व अपील अधिकरण के वरिष्ठ सहायक ने 1.50 लाख की रिश्वत ली

## एसीबी की अलवर प्रथम इकाई ने व. सहायक को गिरफ्तार किया

■ स्कूल समिति के नाम से क्रयशुदा खातेदारी भूमि पर स्थगन आदेश हटवाने की एवज में रिश्वत मांगी

■ एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है

**अलवर, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अलवर प्रथम इकाई द्वारा कार्रवाई करते हुये जितेन्द्र मीणा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय राजस्व अपील अधिकरण, अलवर को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि स्कूल समिति की नाम से क्रयशुदा खातेदारी भूमि पर राजस्व मण्डल, अजमेर एवं राजस्व अपील अधिकरण (आर.ए.ए.) के स्थगन आदेश को हटवाने की एवज में आरोपी जितेन्द्र मीणा वरिष्ठ सहायक द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी की अलवर प्रथम इकाई के उप अधीक्षक पुलिस महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुये आरोपी जितेन्द्र मीणा वरिष्ठ सहायक को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# पानी के टैंक में मां-बेटे की लाश मिली

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में 27 साल की एक विवाहिता और उसके 2 साल के बेटे का शव पानी के टैंक में मिला। पीहर पक्ष के लोगों ने हत्या का शक जाहिर किया है। घटना बुधवार दोपहर को गुड़ाएंदला थाना इलाके के बाला की ढाणी गांव में हुई।

गुड़ाएंदला थाना इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि थाना इलाके के गांव बाला की ढाणी में बुधवार दोपहर पड़ोस में बने टैंक में सजी देवी (27) पत्नी अंबाराम देवासी और उसके बेटे खुशाल (2) की बॉडी मिली। सजी देवी की सास बगदी देवी ने बताया कि मैं बुधवार सुबह ग्यारह बजे पड़ोस में गई थी। घर पर बहू सजी और पोता खुशाल थे। मैं एक घंटे बाद घर लौटी तो बहू-पोता घर में दिखाई नहीं दिए। पड़ोस में बने पानी के टैंक का ढक्कन खुला देता तो वहां जाकर पानी में देखा। बहू सजी देवी और पोता खुशाल पानी में पड़े थे। उनके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। मैं चिल्लाते हुए पड़ोसियों के पास गई और घटना के बारे में बताया। पड़ोसियों ने दोनों के शव पानी से निकाले। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी मौके पर पहुंचे। सजी देवी के पीहर पक्ष (लापोद गांव, पाली) के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल से मेडिकल बोर्ड से दोनों की बॉडी का पोस्टमॉर्टम कराया गया। मामले की जांच एसडीएम कर रहे हैं।

# राज्यपाल की ओर से ख्वाजा की दरगाह में चादर पेश



राज्यपाल के परिसहाय प्रवीण नायक और उपसचिव मुकेश कलाल ने चादर पेश की।

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की ओर से गुरुवार को अजमेर में गरीब नवाज ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश की गई। अजमेर दरगाह पहुंचने पर राज्यपाल की ओर से जियारत कर चादर चढ़ाई गई।

राज्यपाल के परिसहाय प्रवीण नायक और उपसचिव मुकेश कलाल ने चादर पेश की। सालाना उर्स के अवसर पर राज्यपाल का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में बागड़े ने ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के अमन और मोहब्बत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का उर्स विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने भारत को संत-महात्माओं और पीर पैगम्बरों के जीवन मूल्यों से जुड़ी संस्कृति का बताते हुए उनके सद्भाव के विचारों के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।


## नगर निगम जोधपुर-दक्षिण

क्रमांकः- एफ.10(2024-25/4060 दिनांकः- 08.01.2025

:: ई-निविदा सूचना ::

नगर निगम जोधपुर-दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.Rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है। UBN NO. DLB2425WSOB14688

राज.संवाद/सी/24/10093 महापौर आयुक्त

## कार्यालय नगरपालिका, आहोर (जालोर)

चामुण्डा मंदिर के पास, आहोर -307029 email – npahore23@gmail.com

क्रमांकः/नपाआ/सफाई/निविदा/2024/1977 दिनांकः 08.01.2025

**निविदा सूचना सं. 01/2024-25**

नगर पालिका आहोर द्वारा श्रम एवं सामग्री सेवा आपूर्ति कार्यो हेतु क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदकों से निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड, पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर जरीये NIB - DLB2425A4812 यूबीएन नं. DLB2425SLOB14740, 41, पर तथा कार्यदिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, आहोर

राज.संवाद/सी/24/10113

## कार्यालय नगरपालिका बालेसर सत्ता जिला-जोधपुर ग्रामीण(राज.)

(पुराना तहसील भवन पिनकोड़-342023) Email-eombbalesar2022@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.बाले.सत्ता/स्टोर/2024-25/1072 दिनांक :- 08.01.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना (2024-25)**

(NIB NO.- DLB2425A4810)

नगरपालिका बालेसर सत्ता की ओर से नगरपालिका बालेसर सत्ता एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया अनुसार सफाई श्रमिक व स्वास्थ्य निरीक्षक आपूर्ति की ऑनलाईन ई-निविदा आंमत्रित की जाती है । जिसकी अनुमानित लागत 24.00 लाख रू की निविदा ऑनलाईन जारी की दिनांक एंव निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajashtan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/10112 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

## राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001(राज.) फोन नम्बरः (0291)2511031/2516199 फैक्सः (0291)2511029, Email - jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 08/01/2025

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./ एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/ जीजीएम-एलएस/ संविदा-12/2024-25 दिनांकः- 2712.2024 UBN No. MML2425SLOB00174 | कम्पनी की गोटन चूना पत्थर ईकाइ, कार्यालय, जिला नागौर पर वाहन का संचालन हेतु दो महेन्द्रा जीप (7-सीटर कवर्ड एसी डीजल टैक्सी परमिट) मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद की 24 घण्टे प्रतिदिन कार्य हेतु (3000 किमी प्रति जीप प्रति माह चलाने हेतु)। (दोनो वाहनों की सम्मिलित कुल मासिक न्यूनतम निर्धारित किलोमीटर 6000 किलोमीटर प्रति माह)। अनुमानित मूल्य (रू.) 31.20 लाख, धरोहर राषि (रू. – 62,400/-, निविदा राशि- 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबन्ध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/10054 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)


# ट्रक से 30 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब पकड़ी, दो जने गिरफ्तार

## केबिन के उपर व ट्रक की बॉडी के दो पार्टेशन में हरियाणा ब्राण्ड की शराब भरी मिली



पण्डेर पुलिस ने अवैध शराब सहित दो जनों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की पण्डेर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 30 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पण्डेर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई व अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश पर वृताधिकारी जहाजपुर नरेन्द्र कुमार पारीक के सुपरविजन में पण्डेर थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर पण्डेर थाने के सामने नाकाबंदी व वाहन चैकिंग शुरू की।

इस दौरान जहाजपुर की तरफ से एक ट्रक आया, जिसके चालक को रुकने का इशारा कर ट्रक को रूकवा कर नाम पता-पूछा तो चालक ने अपना नाम शाहरूख पिता सहिद खान निवासी अजिजाबाद थाना पलवल जिला पलवल, हरियाणा व खलासी मोहमद शोकिन पिता असगर खान निवासी सुदाका थाना नूह जिला नूह, हरियाणा होना बताया। वाहन को चैक किया तो वाहन की केबिन के उपर व ट्रक की बॉडी के दो पार्टेशन बनाकर हरियाणा ब्राण्ड की 229 कार्टून शराब भरी हुई मिली। जिसे ट्रक की केबिन एवं पार्टेशन से बाहर निकाल देखा गया तो 11 अलग- अलग प्रकार की शराब मिली। अवैध शराब सहित ट्रक तथा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# सोप स्टोन पाउडर की आड में शराब तस्करी, दो गिरफ्तार

## आरोपी तस्करी कर शराब गुजरात ले जा रहे थे

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक से राजस्थान निर्मित अवैध शराब के पांच कार्टन पकड़े हैं। इसके साथ ही पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोप स्टोन पाउडर की आड में तस्करी कर शराब गुजरात ले जा रहे थे।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि शराब की अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजस्थान, गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर गाडियों की तलाशी ली जा रही थी।

इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक को रूकवाया। ड्राइवर विजय कुमार पुत्र रमेश भाई परमार निवासी कटाडिया देमई जिला अरवल्ली गुजरात और पास में बैठे किशनसिंह झाला पुत्र लालसिंह झाला निवासी परतापुरा देमई अरवल्ली गुजरात होना बताया। ट्रक में सोप स्टोन पाउडर भरा होना बताया, लेकिन पुलिस को शक होने पर तिरपाल हटाकर तलाशी ली।

ट्रक में सोप स्टोन कट्टों की आड में राजस्थान निर्मित अवैध शराब के कार्टन भरे हुए मिले। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ड्राइवर समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस शराब तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है।

# श्रमिक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में श्रमिक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। हिरणमगरी थाना क्षेत्र रिको एरिया में स्थित फैक्टरी में काम करने वाले केलवा मानपुरियों का गुडा थाना कूण सलूम्बर निवासी ओमप्रकाश (32) पुत्र बाबरूलाल मीणा ने फैक्टरी के समीप स्थित पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर हिरणमगरी थाना एएसआई भगवान सहाय ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। बुधवार दोपहर में ओमप्रकाश घर पर था। उसकी पत्नी कमरे पर नाश्ता बना रही थी। बातचीत करते हुए वह घर से बाहर निकला था। वापस नहीं लौटने पर तलाश की तब उसका पता चला। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।


## कार्यालय जिला परिषद्, जयपुर

सवाई जयसिंह हाईवे, जिला कलेक्ट्रेट, बनीपार्क, जयपुर

EMAIL ID - jaipuraceo@gmail.com PHONE NO. :- 0141-2200724

क्रमांक :-एफ.( )जिपज/लेखा/निविदा/प.स.भवन आंधी/2024/3975 दिनांकः- 01.01.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4/2024-25**

जिला परिषद जयपुर के अधीनस्थ नवगठित पंचायत समिति भवन **आंधी** के निर्माण कार्य हेतु इच्छुक संवेदकों से जीएसटी पंजीकृत एवं ''बी'' श्रेणी या उच्चतर श्रेणी में पंचायती राज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजीकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य हेतु ई-प्रॉक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

NIB:- ZJP2425A0856
UBN:- ZJP2425WSOB01803

अति0 मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर

राज.संवाद/सी/24/10096

## LIVESTOCK FEED RESOURCE MANAGEMENT AND TECHNOLOGY CENTRE
Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner 334001

RAJUVAS/LFRMTC/2024-25/115 Dated :- 08/01/2025

**ई-निविदा सूचना (E-NIB No. 01/2024-25)**

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के Livestock Research Station, Bikaner फार्म पर Conversion of mesh cattle feed plant into pellet feed plant के लिए सुदृढ़ फार्मो से दोहरी बिड पद्धति (तकनीकी व वित्तीय बीड) हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in तथा DIPR की वेब साइट पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित निविदा शुल्क जमा कराना अनिवार्य है। निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि Principal Investigator, LFRMTC, RAJUVAS, Bikaner के नाम से डी.डी. जो बीकानेर में देय हो, के रूप में स्वीकार की जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे से सम्बन्धित वेब साइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 24.01.2025 को शाम 5:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 25.01.2025 को दोपहर 12:00 बजे खोली जायेंगी। मुख्य अन्वेषक के पास एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| उपकरण का विवरण | मात्रा | UBN Number | अनुमानित लागत रूपये (लाख में) | निविदा शुल्क रूपये (हजार में) | धरोहर राशि रूपये (हजार में) |
|---|---|---|---|---|---|
| Conversion of mesh cattle feed plant into pellet feed plant | 1 | VAU2425GLOB00115 | 35 लाख | 1000 | 70,000 |

राज.संवाद/सी/24/10064 Principal Investigator



मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह अगला व्यक्ति (कप्तान) हो सकता है। क्योंकि वह आगे बढ़कर लीड करता है। उनके अंदर एक बहुत ही अच्छी छवि है, जो लीडर की है। - सुनील गावस्कर

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में दिग्गज ओपनर सुनील गावस्कर ने अपने विचार रखें।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी




## स्मृति मंधाना

वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3-0 से और टी20 में 2-1 से हराया। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाये जिसमें वनडे श्रृंखला में 148 और टी20 में 193 रन शामिल है। मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के बेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय, टखने में चोट है



नई दिल्ली, 9 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पर संशय है। उनके टखने में चोट है, जिसके लिए उन्हें स्कैन करवाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बैली ने पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर अपडेट दिया है।

बैली ने बताया, पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, जिसके लिए अभी ब्रेक पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है। अगले सप्ताह उनका स्कैन होगा, जिसके बाद हमें उनकी चोट की स्थिति का पता चलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में हाल ही में भारत के खिलाफ 3-1 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से जीती थी। कमिंस में टीम के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 2023 में अपनी टीम को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया था। इंग्लैंड से ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान से 22 फरवरी को होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ ठ्ुप-2 में रखा गया है।

**श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे कमिंस**

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस यह सीरीज मिस करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा फाइनल**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉड्र्स मैदान में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में खेले गए फाइनल मैच में भारत को 209 रनों से हराया था।

### पीएसपीबी इंटर यूनिट स्क्वैश चैंपियनशिप

# रीवा और पारुल के बीच खिताबी टक्कर, सूरज चंद, सुभाष, अली हैदर और विश्ववर्धन पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल में



जयपुर, 9 जनवरी। बीपीसीएल की रीवा निम्बालकर और ओएनजीसी की पारुल वसावा ने गुरुवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेली जा रही पीएसपीबी इंटर यूनिट स्क्वैश प्रतियोगिता में महिला वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमी फाइनल में रीवा ने एनआरएल की प्रज्ञा डेगा को 2-0 से और पारुल ने ओएनजीसी की ही गुरजीत कौर को 2-0 से पराजित किया।

पुरुष वर्ग में टॉप सीड बीपीसीएल के सूरज चन्द ने आईजीएल के अंकुर वर्मा को 3-0 से हरा अंतिम चार में जगह बनाई। अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में बीपीसीएल के सुभाष चौधरी ने ओआईएल के नितेश कुमार को 3-0 से, एनआरएल के अली हैदर ने एनआरएल के ही अनेम कारिख को 3-0 से और ओआईएल के विश्ववर्धन भाटी ने ओआईएल के ही चंदन कुमार को 3-0 से शिकस्त दे सेमी फाइनल में जगह बनाई।

सेमी फाइनल में सूरज चन्द का मुकाबला सुभाष चौधरी और अली हैदर का विश्ववर्धन भाटी से मुकाबला होगा। इस बीच वेटरन वर्ग में बीपीसीएल के राजकुमार दुबे, ओआईएल के जयंत कलिता, आईओसी के अनिवेश प्रसाद और आईओसी के ही उदित जैन ने अंतिम चार में जगह बना ली।

# श्रीलंका से टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया, 9 जनवरी। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। रेगुलर कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। कमिंस दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, इसलिए वे ब्रेक पर हैं। साथ ही वे टखने की चोट से उबर रहे हैं। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को टीम में जगह नहीं मिली है। उन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोट लग गई थी, इस वजह से वे आखिरी मुकाबला भी नहीं खेल सके थे। श्रीलंका दौरे पर 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जिसकी शुरुआत 29 जनवरी से होगी।

**कोनोली को पहली बार मौका** कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में मौका मिला है। ओपनर नाथन मैकस्वीनी की इस दौरे से वापसी होगी। उन्हें खराब प्रदर्शन के कारण भारत के खिलाफ आखिरी दो मुकाबलों के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। सैम कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर को अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद टीम में शामिल किया गया है। दोनों ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से डेब्यू किया था। 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर और 3 पेसर शामिल बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन, ऑफ स्पिनर टॉड मर्फ़ी और नाथन लियोन तीन स्पिनर्स टीम में शामिल हैं। हेड, मैकस्वीनी, वेबस्टर जैसे खिलाड़ी भी टीम के पास स्पिन के बेहतरीन ऑप्शन हैं। वहीं, मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड और सॉन एबॉट तीन स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज इस दौरे पर टीम के साथ जाएंगे।

**श्रीलंका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम**

स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रैविस हेड (उप कप्तान), सॉन एबट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फ़ी, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# जानें कौन हैं? नारायण जगदीशन



नई दिल्ली, 9 जनवरी। एक ओवर में 6 चौके या 6 छक्के तो आम सी बात है, लेकिन एक ओवर में 7 चौके या 7 छक्के सोच से बाहर है। हालांकि, मौजूदा समय में खेला जा रहा विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में ऐसा कारनामा देखने को मिला है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज नारायण जगदीशन क्रीज पर थे और उस ओवर में कुल 7 चौके लगे जो कि अपने में ही कमाल है। विजय हजारे ट्रॉफी का दूसरा प्रीलिमिनरी क्वार्टर फाइनल राजस्थान और तमिलनाडु के बीच खेला जा रहा है। मुकाबले में तमिलनाडु के बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने एक ओवर में 6 चौके लगाने का कमाल किया, लेकिन ओवर में लगे कुल 7 चौकों की मदद से 29 रन आए।

24 दिसंबर 1995 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्में नारायण जगदीशन भारतीय क्रिकेटर हैं। जिन्होंने 2016 में रणजी ट्रॉफी में तमिलनाडु के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू किया। इस दौरान उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वहीं नारायण जगदीशन ने वर्तमान में विजय हाजरे ट्रॉफी के इस मुकाबले में 65 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने कुल 52 गेंदों का सामना भी किया और 10 चौके लगाए। विजय हजारे ट्रॉफी के इस सीजन में जगदीशन अब तक 6 पारियों में 60.60 के औसत से कुल 303 रन बना चुके हैं। जिसमें एक शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी खेलने में कामयाब हुए हैं।

वहीं बता दें कि, राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 268 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी तमिलनाडु टीम की तरफ से पारी की शुरुआत करने तुषार रहेजा और नारायण जगदीशन उतरे जिसमें दोनों ने मिलकर पहले ओवर में कुल 10 रन बनाए। इसके बाद राजस्थान की तरफ से अमन शेखावत ने दूसरा ओवर फेंका इस दौरान जगदीशन का बल्ले से रौद्र रूप देखने को मिला। इस ओवर की पहली गेंद को अमन ने वाइड फेंक दिया जो सीधे बाउंड्री पार गई। इसके बाद जगदीशन ने पॉइंट के ऊपर से चार रनबनाए, तीसरी गेंद पर फिर थर्ड मैन पर चौका आया, जबकि चौथी गेंद पर पॉइंट की दिशा में खेलते हुए चार रन बनाए। पांचवीं गेंद पर पुल जबकि ओवर की आखिरी गेंद पर जगदीशन ने फ्लिक करने के साथ उसे चार रनों के लिए भेज दिया।

# हिमा दास ने 18 साल की उम्र में रच दिया था इतिहास

असम, 9 जनवरी। भारतीय एथलीट हिमा दास आज यानी की 09 जनवरी को अपना 24वां जन्मदिन मना रही हैं। हिमा दास को ढिंग एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है। वह भारतीय एथलीट हैं और विशेष रूप से 400 मीटर दौड़ में अपनी शानदार उपलब्धियों के लिए जानी जाती हैं। जिंदगी के सारे संघर्षों को मात देकर हिमा दास ने देश के लिए ऐतिहासिक मेडल हासिल किया। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर एथलीट हिमा दास के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

असम के नागौन जिले में 09 जनवरी 2000 को हिमा दास का जन्म हुआ था। बता दें कि हिमा दास को गांव की गलियों से निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने का श्रेय उनके बचपन के कोच निपुन दास को जाता है। निपुन दास ने हिमा दास के परिवार को मनाया और उनको ट्रेनिंग के लिए उन्हें गुवाहाटी ले आए। बता दें कि हिमा दास ने अंडर-20 के 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर खेल की दुनिया में अपना नाम बनाया। इसके बाद हिमा दास चर्चा में आ गईं और महज 18 साल की उम्र में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उनका नाम गूंजने लगा। उन्होंने 51.46 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल जीता और दिलचस्प बात यह थी कि यह हिमा दास का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था।

दिसंबर 2020 में गुवाहाटी में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 51.13 सेकंड का समय लेते हुए उन्होंने अंडर -20 चैंपियनशिप को बेहतर बनाया। फिलहाल हिमा दास 400 मीटर में 50.79 सेकेंड का बेस्ट रिकॉर्ड रखती हैं। साल 2018 में उन्होंने यह रिकॉर्ड इंडोनेशिया के जकार्ता में एशियाई खेलों में बनाया था। इस दौरान हिमा दास ने रजत पदक जीता था।

गोल्ड पदक जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन 2 महीने में 7 पदक जीतना असाधारण है। उन्होंने जुलाई और अगस्त 2019 में यूरोपीय सर्किट टूर और विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में हिमा दास के कुल पदकों की संख्या 7 थी। यह सभी मेडल गोल्ड थे। जिनमें से 5 गोल्ड मेडल 200 मीटर में और दो 400 मीटर स्प्रिंट में थे।

## राजधानी

# कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं की भी मति भ्रमित हुई : जवाहर सिंह बेढ़म

- 'कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर जनता को कर रहे है गुमराह'
- 'कांग्रेस पार्टी में अपनी राजनीति चमकाने के लिए ये कर रहे है बयानबाजी'



गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म गुरूवार को प्रेस से रुबरु हुए।

**जयपुर।** गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कांग्रेसी नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व कभी आलू से सोना निकालता है तो कभी काली दाल-पीली दाल में अंतर तक नहीं कर पाता। ऐसे में जिस तरह केंद्रीय नेतृत्व सारहीन बातें करता है, ठीक उसी तर्ज पर प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं की मति भी भ्रमित हो गई और ये लोग जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। कांग्रेसी नेता अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जनता को गुमराह करते हुए बयानबाजी कर रहे है। एसआई भर्ती को लेकर कांग्रेसी नेता लगातार बयानबाजी कर रहे है, इससे यह तो साबित हो गया कि पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई एसआई भर्ती में गडबड़ी हुई। यह एसआई भर्ती मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है इस लिए इसके संबंध में कुछ कहना उचित नहीं होगा। हम भ्रष्टाचार मुक्त शासन, अपराध मुक्त राजस्थान और विकास की दृष्टि से नंबर वन राजस्थान बनाएंगे।

बेढ़म ने कहा कि उपचुनावों में कांग्रेस पांच में से एक पर आई और भाजपा ने एक बढ़त बनाते हुए पांच सीटों पर विजय प्राप्त की, यह जनता को गुमराह करने का परिणाम है। कांग्रेसी नेताओं को यह तय करना चाहिए कि इनकी आपसी सिर फुटव्वल लड़ाई को समाप्त कर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाए। कांग्रेस नेता कहते है कि विधानसभा में देखेंगे, लेकिन जनता ने इनको मैदान में देख लिया। कांग्रेसी नेता अपनी ही पार्टी में अपनी राजनीति कैसे चमकाई जाए, इसको लेकर मीडिया में लगातार बयानबाजी कर रहे है।

गृहराज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। गरीबों को, किसानों को, महिलाओं को और युवाओं के विकास को केंद्रीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे है। भाजपा का ध्येय, कत्तर्व्य और संकल्प है कि इन वर्गों का उत्थान करके राजस्थान को विकास की दृष्टि से नंबर वन बनाएंगे और 2047 के विकसित भारत में राजस्थान का नाम सर्वोच्च होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के पहले ही साल में सफल राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन कर अपने नेक इरादों को भी जनता के सामने रख दिया। भाजपा सरकार से समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए, वहीं दूसरी ओर पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किए गए एमओयू धरातल पर उतरे तक नहीं।

मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में गहलोत की नाक के नीचे राजधानी में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं होती रही, एक या दो नहीं 17 पेपरलीक हुए, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बस में परीक्षार्थियों को नकल कराई गई थी लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने पेपरलीक गिरोह को सलाखों के पीछे पहुंचाने के साथ संगठित अपराधों पर नकेल कसने का कार्य किया। हाल ही में बीज निगम के पेपर को लीक करने का प्रयास किया गया, लेकिन भजनलाल सरकार ने 14 माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया। यहां अगर कांग्रेस की सरकार होती तो यह पेपर भी लीक हो जाता। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान के युवाओं को विश्वास दिलाता हूं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार युवाओं को 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए कटिबद्ध और संकल्पबद्ध है। ऐसे में युवाओं से आव्हान करता हूं कि कांग्रेसी नेताओं के बयानों में गुमराह या भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है।

# चिकित्सा विभाग में मिशन मोड में भर्तियां


चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर गुरूवार को विभाग ने नर्सिंग ऑफिसर के 7674 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी किये।

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है। रिकॉर्ड समय में 7 कैडर के 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया गया है। चिकित्सा विभाग ने गुरूवार को पारदर्शी तरीके से राज हैल्थ पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग ऑफिसर के 7 हजार 674 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी कर दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में नर्सिंग ऑफिसर के 7674 अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश आज जारी किए गए हैं।

निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 8 कैडर के करीब 20 हजार 546 पदों पर नियमित भर्ती का कार्य किया जा रहा है। मिशन मोड में कार्य करते हुए अल्प समय में सात कैडर दंत तकनीशियन, ईसीजी तकनीशियन, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, सहायक रेडियोग्राफर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नर्सिंग ऑफिसर के करीब 17 हजार पदों पर भर्ती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 20 हजार 546 पदों में से अब केवल फार्मासिस्ट कैडर की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होना शेष है, जिसे जल्द पूरा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# विधानसभा में पहली बार मनाया गया अध्यक्ष का जन्म दिवस

**जयपुर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जन्म दिवस (11 जनवरी) के चार दिवसीय कार्यक्रमों की गुरुवार से राजस्थान विधान सभा में विधानसभा कर्मियों द्वारा आयोजित सुंदरकांड, महाआरती और रक्तदान जैसे पावन व सनातन कार्यक्रमों से शुरुआत हुई।

विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक यूनूस खान, गोपाल लाल शर्मा, अमीन कागजी, हरिमोहन शर्मा, अमित चाचाण, कैलाश वर्मा, अर्जुनलाल जीनगर, रामविलास मीणा, जेठानंद व्यास. भागचंद टांकडा, नरेन्द्र बुडानिया, थावर चंद, राधेश्याम बैरवा, सुश्री रीटा चौधरी, श्रवण कुमार सहित सभी दलों और निर्दलीय विधायकों और पूर्व विधायक नवरंग सिंह व पवन दुगल सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण व कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ, पुष्पमाला, पौधा और स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें बधाई एवं स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। राजस्थान विधानसभा में अधिकारियों व कर्मचारियों ने अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जन्म दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर हर्षोल्लास व सनातन परम्परा के अनुसार विधान सभा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर सादगी से मनाया। विधानसभा स्थित श्रीविधानेश्वर महादेव मंदिर में पंडित के. के. शर्मा के नेतृत्व में सुंदरकांड, पूजा-अर्चना और महाआरती की गई।

# अवैध गांजा परिवहन करते तीन जने गिरफ्तार

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना पुलिस ने गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए डीडवाना से पुष्कर जाने वाले हाइवे पर होटल के सामने नाकाबंदी के दौरान पिकअप से अवैध गांजा परिवहन करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के बैग से 5 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त पिकअप जब्त की। जानकारी के अनुसार डीडवाना थाना पुलिस पुष्कर हाइवे पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप की तलाशी में 5 किलो 840 ग्राम गांजा पकड़ा गया। परिवहन करने वाले तीनों आरोपी गोविन्दराम, हुक्माराम व मुकेश को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी खुनखुना थाना क्षेत्र के बेड़वा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

# राज्य सरकार ने नियुक्त किए जिलों के प्रभारी मंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर विभिन्न जिलोंके प्रभारी मंत्री नियुक्त किये हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी अजमेर व ब्यावर एवं उपमुख्मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा व राजसमन्द के प्रभारी मंत्री नियुक्त किये गए हैं। वहीं केबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल अलवर व खैरथल-तिजारा, गजेन्द्र सिंह बीकानेर व जैसलमेर, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ दौसा, मदन दिलावर जोधपुर व फलौदी, कन्हैयालाल नागौर व डीडवाना-कुचामन, जोगाराम पटेल जयपुर, सुरेश सिंह रावत भरतपुर व डीग, अविनाश गहलोत चुरू व झुन्झुनू, सुमित गोदारा श्री गंगानगर व हनुमानगढ़, जोराराम कुमावत बाड़मेर व बालोतरा, बाबूलाल खराड़ी बांसवाडा व डूंगरपुर इनके साथ ही हेमन्त मीणा उदयपुर व सलुम्बर के प्रभारी मंत्री नियुक्त किये गए हैं। राज्यमन्त्री संजय शर्मा सीकर, गौतम कुमार कोटा व सवाई माधोपुर, झाबर सिंह खर्रा पाली, हीरालाल नागर टोंक व बूंदी, ओटा राम देवासी झालावाड़ व बारां, डॉ. मंजू बाघमार प्रतापगढ़ व चित्तोड़गढ़, विजय सिंह कोटपूतली-बहरोड़, के. के. बिश्नोई सिरोही व जालोर एवं जवाहर सिंह बेढम करौली व धोलपुर के प्रभारी मंत्री रहेंगे।

## सार-समाचार

### गर्भवतियों की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की

**रामगंजमण्डी** (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान गुरूवार को 82 चिकित्सा संस्थानों पर आयोजित हुआ।अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया गया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि अभियान में 1304 गर्भवतियों का बीपी जांचा, 1297 का तापमान नोट किया, 1283 गर्भवतियों के रक्त की जांच की गई। 894 गर्भवतियों को आईएफए की गोलियां और 39 को आईवी आयरन सुक्रोज दिया गया। साथ ही गर्भवतियों की विभिन्न जांचे ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, उंचाई आदि जांची गई। 9 गर्भवतियों की सोनाग्राफी जांच की गई। इस दौरान 40 गर्भवती महिलाओं में जजिटला हाई रिस्क पाई गई। गर्भवतियों को प्रसव की तैयारी एवं परिवार नियोजन की जानकारी भी दी गई। आरसीएचओ डॉ रमेश कारगवाल ने बताया कि अभियान में कई केंद्रों पर दूसरी या तीसरी तिमाही में चल रही 202 गर्भवती महिलाओं को नजदीक के निजी सोनोग्राफी सेंटर पर एक नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच के लिए मां वाउचर योजना के कूपन भी जारी किए गए। अभियान में गर्भवतियों को शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के बारे में भी बताया गया। पोष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई।गर्भवतियों का टीकाकरण भी किया गया। विभाग के अधिकारियों ने अभियान की मॉनिटरिंग की।गर्भवतियों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए अभियान हर माह 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित किया जाता है। आरसीएचओ डॉ रमेश कारगवाल ने गढ़ेपान पीएचसी पर अभियान का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं चैक की। कोल्ड चैन पोइंट की जांच भी की। डीवीएस इंजार्च नर्सिंग ऑफिसर अली हुसैन अंसारी भी उनके साथ रहे।

### गोष्ठी का आयोजन

**बूंदी** (निसं)। स्वामी विवेकानंद जयंती युवा महोत्सव के तहत तालेडा राजकीय महाविद्यालय में इतिहासकार डॉ. एस.एल. नागौरी के मुखातिथ्य और प्राचार्य डॉ. बृज किशोर शर्मा में गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में इतिहासकार डॉ. एस.एल. नागौरी ने भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम एवं श्रेष्ठ संस्कृति बताया और कहा कि भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जो अपने-आप को बदलते समय के ढालती भी आई है। गोष्ठी में स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न उतार-चढ़ावों का वर्णन करते हुए इतिहासकार डॉ. एस.एल. नागौरी ने छात्र छात्राओं को नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बनने के संघर्ष को समझाया। उन्होंने विवेकानंद के द्वारा सम्पूर्ण विश्व में हिन्दू धर्म को सम्मानजनक स्थान दिलाने तथा अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा प्राप्त करवाने वाले युवा के रूप में प्रदर्शित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजकिशोर शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के आदर्श वाक्य के अनुरूप विद्यार्थियों को जीवन में निरन्तर आगे बढते रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भी स्वामी विवेकानंद के चरित्र की जानकारी दी। गोष्ठी का संचालन सहायक व्याख्याता डॉ. नेहा प्रधान ने किया।

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**बूंदी** (निसं)। नाबालिग बालक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय पोक्सो ने आजीवन कारावास की सजा और 1 लाख 30 हजार अर्थ दंड से दंडित किया। निशांत कुमार सोनी ने बताया कि फरियादी पीडित बालक के साथ अभिभावक ने नैनवा थाना में रिपोर्ट दी थी कि पीडित बालक और उसका दोस्त पार्क में खेल रहे थे। उसकी नानी पीडित बालक के दोस्त को लेकर घर आ गई। परिजन बालक को ढूंढते हुए दोस्त के घर पहुंचे तो उसकी नानी ने बताया की बालक पास के पार्क में खेल रहा है वहां जाकर देखा तो बालक के साथ अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू दुष्कर्म कर रहा था, जिसको अभिभावक द्वारा रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। पोक्सो क्रम संख्या दो न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी दीपक उर्फ दीपू को पीड़ित बालक के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी माना और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा और 1 लाख 30 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक निशांत कुमार सोनी ने न्यायालय में 15 गवाह और 31 दस्तावेज पेश किए।

### संवाद कार्यक्रम आयोजन

**बून्दी** (निसं)। पीएमश्री राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय रामगंज बालाजी में मेंटर-मेंटी संवाद कार्यक्रम आयोजन संस्था प्रधान मीनाक्षी कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। मेंटर-मेंटी संवाद में पीजी कॉलेज की आचार्य डॉ. प्रतिभा किरण तथा रामगंजबालाजी एएनएम राधा रानी परामर्शदाता के रूप में मंचासीन रही। संस्था प्रधान मीनाक्षी कुमारी ने कहा कि मेंटरिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा निरंतर शिक्षण अधिगम की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है। परामर्शदाता के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. प्रतिभा किरण ने किशोरावस्था एवं जेंडर संवेदनशीलता पर अपना व्याख्यान दिया। वहीं एएनएम राधा रानी ने छात्राओं को किशोरावस्था में आएं परिवर्तन एवं समस्याओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी शिमला मीणा ने आयोजन की आवश्यकता व महत्व पर जानकारी दी। संवाद कार्यक्रम का संचालन माया पारीक ने किया तथा व्याख्याता अंतिमा पारेता ने आभार जताया।

### सब पोस्ट ऑफिस खोलने की मांग

**रावतभाटा,** (निसं)। अभिभाषक संघ रावतभाटा के महासचिव एडवोकेट प्रदीप बिल्लू ने मुख्य डाकपाल अधीक्षक चित्तौडगढ को पत्र लिखकर न्यायालय परिसर के पास सब पोस्ट ऑफिस खोलने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि न्यायालय परिसर के आस-पास कॉलेज, आईटीआई, सीआईएसएफ कॉलोनी है। यहां वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, अतिरिक्त जिलाधीश, उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार का न्यायालय है। इसलिए यहां पर पोस्ट ऑफिस खोला जाना आवश्यक है। ग्राम पंचायत बाडौलिया के रिक्त भवन में पोस्ट ऑफिस का कार्यालय खोला जा सकता है। यहां पर पोस्ट ऑफिस खुलने से आम जनता, अधिवक्ता व न्यायालयों के कर्मचारियों को भी सुविधा रहेगी।

### ओमनी वैन में आग लगी

**छबड़ा** (निसं)। जैपला गांव में ओमनी वैन में गुरूवार को अज्ञात कारणो से आग लग गई। वही, आग की चपेट में आने से एक कवेलूपॉश मकान भी स्वाह हो गया। दो दमकलों ने मौके पर पहुंचकर बढ़ती आग पर काबू पाया। नगर पालिका के फायर प्रभारी रवि यादव ने बताया कि जैपला गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के समीप आग लगने की सूचना मिली थी तो मौके पर पहुंचकर देखा तो ओमनी वैन में आग लगी हुई थी। इसी आग की चपेट में आने से एक कच्चा मकान भी जल गया। समय पर पहुंची नगर पालिका व मोतीपुरा प्लांट की दमकल मषीनों ने बढती आग को रोका। कार्रवाई में सत्यप्रकाश मेघवाल, धनराज महावर, नरेश एवं बालकराम आदि शामिल रहे।

### खेल सप्ताह का आयोजन

**रावतभाटा,** (निसं)। अभिभाषक संघ रावतभाटा की और से मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर खेल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभिभाषक संघ रावतभाटा के महासचिव एडवोकेट प्रदीप बिल्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रांति के उपलक्ष में खेलकूद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, केरम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को गणतंत्र दिवस पर पारितोषिक दिया जाएगा। खेल सप्ताह के सफल आयोजन के लिए अभिभाषक संघ रावतभाटा के अधिवक्ता बाबूराम देराश्री और एडवोकेट विजय अटवाल को संयोजक बनाया गया है।

### गुजरात में सोनी का सम्मान

**छबड़ा** (निसं)। सौराष्ट्र की धरती पर गुजरात पोरबंदर के पूर्व सांसद रमेश भाई धड़ूक द्वारा दासी जीवन सोसायटी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में छबडा निवासी गोकुलचंद्र सोनी को श्रेष्ठ उद्‌बोधन एवं सेवा कार्यों के लिए गोस्वामी हरिराय द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री विजय भाई रुपाणी, सतना के सांसद माधवसिंह सोलंकी, केंद्रीय मंत्री एवं राज्य मंत्री गोंडल दरबार ने कथा का श्रवण किया।

### आज 6 घंटे बिजली बंद रहेगी

**छबड़ा** (निसं)। फीडरों पर मेंटेनेंस कार्य होने के कारण शुक्रवार को 2 फीडरों की विद्युत सप्लाई 6 घंटे बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता रजनीश चावला ने बताया कि छबड़ा जीएसएस निकलने वाले इंद्रा कॉलोनी व जैपला फीडर पर मेंटेनेंस कार्य के चलते शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक इंद्रा कॉलोनी व जैपला फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# घर में घुसकर मारपीट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने घर में घुसकर मारपीट के मामले में कार्यवाही करते हुए मारपीट के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध गतिविधियों एवं मारपीट की घटनाओं की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत रेलवे कॉलोनी थाना इलाके के रंगपुर में 3 जनवरी को घर में घुसकर हुई मारपीट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता व मुखबीर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए गुर्जरों का मोहल्ला रंगपुर निवासी कालुलाल (54), देवकिशन उर्फ देवा (29), भोजराज (24) और गांव माधोराजपुरा थाना केशोरायपाटन जिला बूंदी निवासी हंसराज (38) को गिरफ्तार किया है।

**यह था मामला:-** रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि रंगपुर निवासी दीपक ने 3 जनवरी को रेलवे कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में फरियादी ने कहा कि दो जनवरी की शाम को मेरे बड़े पापा बिहारी लाल घर के बाहर चबुतरे पर सो रहे थे और उनका लड़का लोकेश घर के अंदर था।

थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसी समय देवा गुर्जर, कालू, भोजराज व अन्य हाथों में लट्ठ कुल्हाड़ी और सरिया लेकर आये और घर में घुसकर लोकेश के साथ मारपीट करने लगे और उन लोगों ने उसके बड़े पापा के साथ मारपीट की।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि बीच-बचाव के लिये जब उसके पिता गये तो उन लोगों ने उसके पिता के साथ भी मारपीट कर मौके से फरार हो गये। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी दीपक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की गई। मारपीट के मामले में कार्यवाही करते हुए मारपीट के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।




रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने घर में घुसकर मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए मारपीट के चार आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

## डॉ. सतीश पूनिया कोटा दौरे पर रहे



कोटा में बीजेपी हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया पत्रकारों से रूबरू हुए।

**कोटा,** (निसं)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया गुरुवार को कोटा दौरे पर आए। उन्होंने श्रीतेजा मंदिर ट्रस्ट जाट समाज की तरफ से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। बाद में सर्किट हाऊस में भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूनिया ने दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी के प्रियंका गांधी पर दिए गए बयान पर कहा कि राजनीति हो या फिर समाज, महिलाओं के लिए शब्दों की मर्यादा तो होनी ही चाहिऐं। इस मामले में कोई दो राय नहीं है। पार्टी ने भी उन्हें यह बात कही है। दिल्ली में भाजपा का वनवास कब खत्म होगा, इस सवाल पर पूनिया ने कहा कि वहां इस बार निश्चित रूप पर भाजपा का वनवास खत्म होगा। वहां की जनता का मिजाज मैंने समझा है। जनता वैचारिक रूप से भी और केजरीवाल के कुप्रबंधन से सब परेशान हैं। वहां की जनता सरकार को उखाड़ने के लिए तैयार है। पूनिया ने कहा कि सब इंस्पेक्टर भर्ती के मामले में सरकार ही तय करेगी। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करुंगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा अनुभवहीन बताने पर पूनिया बोले कि उनके मुख्यमंत्री तो काफी अनुभव वाले थे तब भी चुनाव हार गए। सतीश पूनिया ने कहा कि डोटासरा के पास बयान देने के अलावा कोई चारा बचा नहीं है। उन्हें विपक्ष की अच्छी भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार में आर्थिक प्रबंधन अराजक स्थिति में था। उसको पटरी पर लाना एक बड़ी चुनौती है और मुझे पूरा भरोसा है कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की सरकार कांग्रेस की अराजकता को ठीक करके प्रदेश को उन्नति के शिखर पर लेकर जाएगी।

## 100 से अधिक वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए

**कोटा,** (निसं)। परिवहन विभाग, ट्रैफिंक पुलिस, कोटा सड़क सुरक्षा समिति, टीम जीवनदाता, स्वं प्रेमचंद गुप्ता संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के सम्बंध में वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाओं के लिए जानकारी दी गई साथ ही उनके वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाए गए और दुर्घटना से बचाओं के लिए क्या उपाए किए जा सकते हैं इस विषय पर समर्झश की गई।

कोटा सड़क सुरक्षा समिति के उपसचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि परिवहन निरीक्षक कोटा बनवारी लाल लोदिया के सहयोग से वाहन के साईड में पीले, पीछे की ओर लाल एवं फ्रंट में सफेद रिफलेक्टर लगाए गए और उनका महत्व भी समझाया गया। इस अवसर पर कोटा सड़क सुरक्षा समिति के मोहनजीत सिंह, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सुरेश चंद भंडारी ने रायपुरा चौराहा एवं टीलेश्चर चौराहे पर इस अभियान को चलाया गया और 100 से अधिक ऑटो रिक्शा, ऊंटगाड़ी, लोडिंग वाहन भारी वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाए गए। परिवहन निरीक्षक कोटा बनवारी लाल लोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन को सावधानी पूर्वक चलाना चाहिए साथ ही नियमों का पालन करेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। शराब पीकर गाड़ी ना चलाना, गाड़ी अनुसार सीट बेल्ट, हेलमेट का इस्तेमाल, ओवरस्पीडिंग पर रोक, गाड़ी के नियमित रखरखाव, बिना लाइसेंस के गाड़ी ना चलाने जैसे कई बिंदुओं को लेकर जानकारी दी।

गुप्ता ने कहा कि धुंध, कोहरे व अंधेरे में ये रिफेक्टर जीवन के लिए वरदान साबित होते हैं। तेज गति से पीछे से आने वाले वाहनों की हेड लाइट से आसानी से वाहन नज़र आ जाता है।

# निगम वार्डों में सफाई अभियान चलाया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा गुरूवार को स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सेक्टर 01 के अंतर्गत आने वाले वार्डो में सघन सफाई अभियान चलाया गया। निगम आयुक्त ने मौके पर रहकर सफाई अभियान का मौका निरीक्षण किया और सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा विशेष सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया हैं। जिसके तहत गुरूवार को सेक्टर 01 के वार्डो में 20,43,46 के अंतर्गत सोगरिया, चंद्रसेल, पूनम कॉलनी आदि क्षेत्रों के मुख्य मार्गो पर सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई कर मार्गो को स्वच्छ व साफ किया गया। साथ ही अभियान के दौरान क्षेत्रों नालों की जेसीबी मशीनों, डम्पर एवं अन्य संसाधनो से सफाई करवाई गई। जिससे नालों में पानी का बहाव और अधिक सुगम होगा। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के दौरान स्कूल के बच्चों ने शहरवासियों को स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता के बारे मे जागरूक किया एवं शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। आयुक्त त्यागी ने बताया कि विशेष सफाई अभियान के तहत 50 से ज्यादा स्थाई व अस्थाई अतिरिक्त सफाईकर्मियों को लगाया जाकर सफाई कार्य को किया जा रहा हैं। जिससे कि नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र स्वच्छता के मामले में और बेहतर व सर्वश्रेष्ठ साबित हो। उन्होंने बताया कि समस्त स्वास्थ्य निरीक्षकों को निर्देशित कर दिया गया है कि सफाई कार्य में कोई कोताही ना बरते। विशेष सफाई अभियान को सुचारू रूप से संचालित किया जाए और कार्य की पुख्ता मॉनिटरिंग भी की जाए। आयुक्त त्यागी ने यह भी कहा कि उत्तर क्षेत्र मे दैनिक सफाई के कार्य के साथ-साथ स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सेक्टर अनुसार विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और उत्तर क्षेत्र के शहरवासियों के योगदान एवं सहयोग से शहर में और बेहतर सफाई देखने को मिलेगी।

सफाई अभियान के दौरान अतिरिक्त आयुक्त जवाहर लाल जैन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद मीणा, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रकाश महाराजा तथा संबंधित सेक्टर के स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

नगर निगम कोटा दक्षिण के दादाबाड़ी विस्तार सेक्टर 2 में नालियों की सफाई का अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।



कोटा में वार्डों में चल रहे सफाई अभियान का आयुक्त अशोक त्यागी ने निरीक्षण किया।

# जानलेवा हमले की निष्पक्ष जांच की मांग

**छबड़ा** (निसं)। पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप उर्फ़ पप्पू धाकड़ पर हुए जानलेवा हमले की निष्पक्ष जांच एवं सभी दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को धाकड़ महासभा व सर्व समाज के लोगो ने कृषि उपज मंडी से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

धाकड़ महासभा प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश नागर ने बताया कि सर्वसमाज व महासभा ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा कि 5 जनवरी को लगभग 4 बजे ईंट फेक्ट्री पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप उर्फ पप्पू धाकड पर करीब 10 से 12 व्यक्तियों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिसमे पप्पू धाकड घायल हो गए और हाथ-पैरो में गंभीर प्रकृति की चोटे आई। इस घटना की संपूर्ण धाकड व सर्व समाज घोर निंदा करता है।

ज्ञापन में उक्त प्रकरण में लिप्त सभी व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की मांग की और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई नही की गई तो 10 दिनों के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। यहां रामस्वरूप उर्फ धर्मा धाकड सरपंच, गिर्राज धाकड सरपंच हानिहेडा, जयनारायण नागर, रामनरेश मीणा, जगमोहन मेहता, गिर्राज नागर, भंवरसिंह मीणा, बलवंत सिंह मीणा, रामेश्वर नागर अध्यक्ष धाकड़ समाज, कपिल नागर कोटडी, नवल नागर व रामस्वरुप नागर चांवलखेडी, दीनबंधु धाकड, रामदयाल नागर खांखरा, नंदकिषोर नागर कोहनी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया।




पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप उर्फ पप्पू धाकड़ पर हुए जानलेवा हमले के मामले में समाज के लोगों में आक्रोश जताया।

## भारत विकास परिषद के नैत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**■ शिविर में 466 रोगियों की जांच की**

**रामगंजमण्डी** (निसं)। भारत विकास परिषद रामगंजमंडी द्वारा पूज्य पिताजी स्व. श्री पन्नालालजी सेठी व माताजी पूज्यनिया स्व. कमलादेवी सेठी की स्मृति में अजीत भाई सेठी परिवार द्वारा नौ जनवरी गुरुवार प्रात: 10 बजे भारत विकास परिषद अस्पताल छगन भाई की बगिची जुल्मी रोड पर नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अजीत भाई सेठी दिलीप जी विनायका राजकुमार पारख भागचंद हरीश सेठी व श्रीमती अनिता सेठी ने भारत माता के चित्र पर दिप प्रज्वलन के साथ विधिवत पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया। परिषद द्वारा उक्त सभी प्रायोजकों का व कोटा से आये डॉ. राहुल गर्ग सहित पूर्ण टीम का परिषद द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

परिषद के संजय पतीरा व संजय सतीजा ने बताया कि भारत विकास परिषद कोटा के आई स्पेशलिस्ट द्वारा 466 रोगियों की जांच की गई। जिसमें ऑपरेशन योग्य चयनित 32 नाखुना व 195 मोतिया बिंद के रोगी व्यक्तियों का चयन किया।विशेष में 1 कॉर्निया ट्रांस्प्लांट रोगी का भी चयन कर कोटा भारत विकास परिषद अस्पताल में नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए बस द्वारा भिजवाया जा रहा है।

कोटा जाने आने की व खाने पीने की व दवाई आदि की व्यवस्था पूर्णरूप से नि:शुल्क है। इस क्षेत्र में मात्र परिषद द्वारा ही नाखुना आदि के ऑपरेशन भी परिषद द्वारा नि:शुल्क ही करवाए जाते है।हर कार्य में मीडिया बंधुओ का भी पूर्ण सहयोग रहता है। इस क्रम ने भास्कर ब्यूरो चीफ हरीश खलोरा प्रदीप सिंह जय शर्मा व जितेंद्र जोशी आदि का भी परिषद द्वारा सम्मान किया गया।इस अवसर पर परिषद के सभी पुरूष व महिला सदस्यों ने पूर्ण सेवाएं प्रदान कर सहयोग किया।

## सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती कैंप 13 जनवरी से

**कोटा,** (निसं)। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल प्लेसमेंट के संयुक्त तत्वाधान में जिले के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती कैंप का आयोजन 13 जनवरी से किया जाएगा। वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के लिए सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 13 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथून, 14 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैराबाद, 15 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, 16 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगोद, 18 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटावा, 19 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमण्डी, 20 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर प्रथम कोटा में 7 दिवसीय भर्ती कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

# राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। महिला सशक्तीकरण और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत सशक्त नारी सशक्त समाज के संकल्प को लेकर शुरू किए गए अभिनव नवाचार कार्यक्रम राजस्थान मरू उडान का शुभारंभ व जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम गुरुवार को नैनवा रोड स्थित शगुन होटल में आयोजित किया गया।इसमें चार सत्रों में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य (अनमोल जीवन), शारीरिक स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं की जानकारी और व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण पर विचार विमर्श सहित जागरूकता गतिविधियों का प्रायोगिक आयोजन किया गया। वहीं महिला संवाद के साथ अभियान के तहत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के पोस्टर का विमोचन, नाटक मंचन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर ने कहा कि महिलाएं कोमल है, लेकिन कमजोर नहीं वे सफलता के लिए शिक्षा को अपना हथियार बनाकर आगे बढ़े। सभापति सरोज अग्रवाल ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वे विभिन्न उपयोगी योजनाओं के प्रति जागरूक रहे एवं अन्य महिलाओं को भी इनसे जोडकर लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण आधार है। शिक्षित महिला ही जागरूक होकर अपने और दूसरों के अधिकारों को प्राप्त कर सकती है।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भेरू प्रकाश नागर ने राजस्थान मरु उड़ान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण अभियान है जो कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तक शहरी स्थल से लेकर ग्रामीण स्तर तक समन्वित रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। इसके अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संगठन एवं कार्यकर्ताओं के साथ समयबद्ध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

दूसरे सत्र में बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में महिलाओं व बालिकाओं को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य, व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण, सत्र के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं सहित भारतीय डाक विभाग और बैंकों द्वारा अपनी-अपनी निवेश योजनाओं के बारे में भी महिलाओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सर्वेश तिवारी ने किया।

**महिला व बालिकाओं के साथ संवाद:-** मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद में डॉ महावीर कुमार शर्मा व टेली मानस मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर डॉ सर्वेश तिवारी ने जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक अवसाद से बचें, स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं। मानसिक स्वास्थ्य हेतु सकारात्मक विचारों से प्रफुल्लित रहें और पर्याप्त नींद लें। उन्होंने कहा कि जान है, तो जहान है। इसलिए किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में मानसिक अवसाद में न आएं और कोई भी अप्रिय कदम न उठाएं। हर समस्या का समुचित समाधान है। जीवन में कोई समस्या है, तो सबसे पहले परिवार में साझा करें, अपने मित्रों को बताएं और उचित मंच पर उसका समाधान करें। शारीरिक स्वास्थ्य पर संवाद में प्राकृतिक चिकित्सा एवं हमारा स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा, सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर, सीडीईओ डॉ महावीर प्रसाद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बूंदी में महिला संवाद के साथ अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों के पोस्टर का विमोचन किया।

## सार-समाचार

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित

**कोटा,** (निसं)। चिन्ताहरण हनुमान मंदिर समिति, आरकेपुरम सेक्टर-ई एवं आम भक्तजन के संयुक्त सहयोग से पार्क संख्या-2 में चतुर्थ सर्वजातीय कन्या विवाह आयोजन हेतु गुरूवार से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रवक्ता पी.पी.गुप्ता ने बताया कि कलश यात्रा बैण्डबाजों, घोडों व बग्गी में बिराजमान कथा प्रवक्ता पण्डित राहूल पाराशर सहित लोग नाचते-गाते भजनों के साथ आरकेपुरम-बी सेक्टर के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई चिन्ता हरण हनुमान मंदिर आरकेपुरम सेक्टर-ई पर पहुंची। कलश यात्रा में जगह-जगह पर पुष्पों से वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा 9 जनवरी से 15 जनवरी तक समय दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे तक भागवत प्रवक्ता पण्डित राहुल पाराशर के श्रीमुख से कथा का वाचन होगा एवं कथा निःशुल्क कन्या विवाह के साथ संपन्न होंगी। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद सुमित्रा खिंची, समिति अध्यक्ष क्रांन्ति चन्द्र नागर, संरक्षक हनुमान महाराज, महामंत्री तुलसीराम सुमन, उपाध्यक्ष भेरूलाल सुमन, कोषाध्यक्ष राजेश वैष्णव, उपकोषाध्यक्ष गोरीशंकर नागर, उपमहामंत्री कृष्णकुमार शर्मा, संगठन मंत्री पवन नागर, सहसंगठन मंत्री दुर्गाशंकर नागर, संरक्षक मंत्री सोहनलाल खण्डेलवाल, आरकेपुरम-बी मंदिर समिति के अध्यक्ष जे.पी.शर्मा, भुवनेश खिंची, अनिल चित्तौड़ा, रामस्वरूप विजय, विष्णु खण्डेलवाल, प्रवक्ता पी.पी.गुप्ता आदि प्रबुद्धगण कलश यात्रा में शामिल रहे।

### राजस्थान मरु उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राजस्थान मरु उड़ान नवाचार का जिला स्तरीय शुभारंभ गुरूवार को सूचना केन्द्र में किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत संवाद कार्यक्रम से की गई। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं की जानकारी, व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण आदि 8 सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में 15 मार्च तक विभिन्न मुद्दों जैसे साइबर अपराध, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कृषि तकनीकी जानकारी, स्तन कैंसर जागरूकता आदि कार्यक्रमों का आयोजन अलग-अलग दिवस पर विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया जायेगा। संवाद कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता भुवनेश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा शहर नियति शर्मा, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क रचना शर्मा, एकल नारी संस्थान पदाधिकारी चन्द्रकला शर्मा, उप निदेशक महिला अधिकारिता मनोज कुमार मीणा ने प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान कर लाभान्वित किया।

### अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। शहर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं तस्करों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे ऑपरेशन नश्वर के तहत पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ सहित तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के पास से 6 ग्राम 83 मिलीग्राम स्मैक भी बरामद दी। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के निर्देशन मे थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान न्यू बस स्टेण्ड के पीछे वाली गली में एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसे डिटेन कर उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शब्बीर उर्फ भय्यु बताया। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से थैली मिली जिसको चैक करने पर उस थैली में मादक पदार्थ स्मैक 6 ग्राम 83 मिलिग्राम मिली। शहर एसपी ने बताया कि स्मैक बरामद होने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गोरधनपुरा निवासी शब्बीर उर्फ भय्यु (39) को मौके से गिरफ्तार कर लिया और मादक पदार्थ स्मैक को जब्त कर लिया। पकड़े गये आरोपी से स्मैक के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। जीआरपी पुलिस ने कोटा प्लेटफार्म नं. दो पर गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध अंग्रेजी शराब की 48 बोतलें बरामद हुई। जीआरपी पुलिस उपअधीक्षक शंकर लाल ने बताया कि मादक पदार्थ एवं शराब तस्करों के विरूद्ध मुख्यालय के आदेश पर जीआरपी थानाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्यवाही की जा रही है। जीआरपी थानाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि कॉन्टेबल धर्मसिंह व कॉन्स्टेबल विकास कुमार कोटा रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.2 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म नं.2 पर रंगपुर ऑवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बैठा हुआ मिला। जिसके पास दो ट्रॉली बैग एवं एक पिट्ठू बैग था। जीआरपी थानाधिकारी ने बताया कि संदेह होने पर उसके सामनों की तलाशी ली गई तो ट्रॉली बैग से हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की 36 बोतलें एवं पिट्ठू बैग से हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की 12 बोतलें बरामद हुई। अवैध अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद होने पर जयपुर निवासी नरपत सिंह हाडा (21) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### सड़क हादसे में घायल ने दम तोड़ा

**कोटा,** (निसं)। बूंदी जिले के तालेड़ा इलाके में नेशनल हाईवे 52 पर सड़क हादसे में घायल हुए तीसरे युवक ने भी एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया थानाधिकारी अजीत बगडोलिया ने बताया 5 जनवरी को बूंदी से कोटा जा रही कार के पीछे मिनी बस ने टक्कर मार दी थी। सड़क हादसे में घायल हुए तीसरे युवक अमन (24) की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। ज्ञात रहे कि 5 जनवरी सुबह तीन बजे मिनी बस ने पीछे से एक कार को टक्कर मारी थी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार चार जनों में से दो जनो की मौके पर ही मौत हो गई थी एवं अन्य घायलों का इलाज एमबीएस अस्पताल में चल रहा था जहां इलाज के दौरान अमन की मौत हो गई।

### चाइनीज मांझे सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नांता पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री करते चाइनीज मांझा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। नांता थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री करने वालों की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम द्वारा तलाशी अभियन चलाया गया। अभियान के दौरान बड़गांव, केश्वरायपाटन तिराहे एवं नांता करणी नगर में स्थित दुकानों की सघन चैकिंग की गई। थानाधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान करणी नगर में एक व्यक्ति चाइनीज मांझा बेचता नजर आया जिसे डिटेन कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के तीन रोल जप्त कर करणी नगर निवासी अमन प्रजापत (22) को गिरफ्तार किया गया।

### छुर्रा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने इलाके मे गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए तेज धारदार हथियार सहित छुर्रा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान सूचना मिली कि न्यू बस स्टेण्ड के पीछे वाली गली मे एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है जिसके पास छुर्रा है। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे तो एक व्यक्ति मौके पर खड़ा था संदेह होने पर संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन कर तलाशी ली तो उसके पास से एक तेज धारदार हथियार छुर्रा बरामद हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि छुर्रा बरामद होने पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए किशोरपुरा निवासी नईम (29) को गिरफ्तार कर लिया।

### एक किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर पुलिस ने गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महावीर नगर थानाधिकारी महेन्द्र कुमार मारू ने बताया कि टीम के साथ इलाके में गश्त एवं अवैध कार्यो की चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा एक किलो 100 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए बालाकुण्ड बस्ती दादाबाडी निवासी महेश शाक्यवाल (21) को गिरफ्तार किया।

### शिक्षा मंत्री 12 को कोटा प्रवास पर

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर रविवार, 12 जनवरी को कोटा प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने बताया कि शिक्षा मंत्री 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे कर्णेश्वर ग्रुप हाउसिंग सोसायटी ट्रक यूनियन के पीछे कर्णेश्वर ग्रुप हाउसिंग सोसायटी द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का शुभारंभ

- खेल को जोश जज्बे के साथ-साथ अनुशासन से खेलें- ऑलम्पियन अशोक ध्यानचन्द
- उद्घाटन मैच में सोम्या विश्वविद्यालय मुम्बई ने पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर रनों के बड़े अंतर से हराया

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज गुरुवार को भव्य शुभारंभ समारोह के साथ हुआ। भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा इस क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर को मिली है।

गुरुवार को प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन हुआ और उद्घाटन समारोह के बाद खेले गए पहले मैच में सौम्या विश्वविद्यालय मुंबई ने उदयपुर के पैसिफिक विश्वविद्यालय की टीम को रनों के बड़े अंतर से हराकर प्रतियोगिता में दमदारी से अपनी जीत की शुरुआत की इससे पूर्व सरस्वती पूजन के साथ-साथ प्रतियोगिता का ध्वजारोहण-जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा चेअरपर्सन चॉसलर आर. डी.मीणा द्वारा किया गया। पुष्पगुच्छ द्वारा आमंत्रित अतिथियों जिनमें ऑलम्पियन अशोक ध्यानचन्द, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े दीपक राजवंशी, निर्मल कुमार, प्रेम भाटिया, रणछोड़ अग्रवाल, पटेल कैलाश मीणा, आशीष अग्रवाल, विष्णु कंमार मीणा, मॉगी लाल मीणा आदि का स्वागत व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा चेअरपर्सन/चॉसलर आर.डी. मीणा द्वारा सभी आगन्तुक टीमों का स्वागत करते हुए कोटा आने पर यहाँ की प्रसिद्ध सांस्कृतिक धरोहर चम्बल रिवर फ्रंट को



कोटा में पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ।

आवश्य देखने को कहा जिसके लिए वि.वि. सुविधा प्रदान करने को तत्पर रहेगा। मुख्य अतिथि अर्जुन पुरूष्कार विजेता ऑलम्पियन अशोक ध्यानचन्द द्वारा प्रतियोगिता अन्तर्गत खिलाड़ियों को अनुशासन पूर्वक खेलने व खेल नियमों की प्रतिबद्धता हेतु शपथ व प्रतियोगिता के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा। अशोक ध्यानचन्द ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में मेजर ध्यानचन्द ने देश का नाम रोशन किया व पूरे हॉकी जगत में अपनी पहचान बनाई अतः किसी भी खिलाड़ी को अपने खेल में अपना सम्पूर्ण देना चाहिए जिससे परिणाम अपेक्षित मिल सके।

कार्यक्रम के अन्त में जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति प्रो. डी.पी. तिवारी द्वारा सभी आगन्तुक अथितियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता अन्तर्गत उद्घाटन मैच से पूर्व मुख्य अतिथि अर्जुन पुरूष्कार विजेता ऑलम्पियन अशोक ध्यानचन्द, चेअरपर्सन/ चॉसलर आर.डी. मीणा व कुलपति प्रो.डी. पी. तिवारी ने सोम्या विश्वविद्यालय, मुम्बई ने पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय करते हुए शुभारम्भ हेतु मार्ग प्रशस्त किया।

**टूर्नामेंट में खेले गए पहले दिन के मैच के नतीजेः-** आर ए सी क्रिकेट मैदान, शिवपुरा में पहला मैच आर आर यू, गांधीनगर व आईटीएम, बडौदरा के मध्य हुआ जिसमें आरआरयू, गांधीनगर ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला लिया। इस मैच में आरआरयू, गांधीनगर ने 9 विकटों के साथ अपनी जीत का आगाज किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच आयुष मिश्रा रहें, जो 98 रन पर नॉट आउट रहे।

यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा मैदान पर पूल ए अन्तर्गत खेले गये मैच मे डॉ. हरिसिंह गौड केन्द्रीय विवि, सागर ने एलएनसीटी वि.वि., भोपाल 24 रनों के अन्तर से शिकस्त दी। डॉ.हरिसिंह गौड केन्द्रीय विवि, सागर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 162 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसका पीछा करते हुए एलएनसीटी वि.वि., भोपाल की टीम निर्धारित ओवरों में कुल 138 रन ही बना सकी। आर्दश सिंह 4 विकेट लेकर मैन ऑफ दी मैच रहे।

जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा के मैदान पर खेले गये उद्घाटन मैच में सोम्या विश्वविद्यालय, मुम्बई ने पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर को 9 विकेट से हराया। सौम्या विश्वविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 228 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जवाब में पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर 99 रनों के स्कोर पर आउट हो गई। सौम्या विश्वविद्यालय के अथर्व 4 विकेट लेते हुए मैन ऑफ दी मैच रहे। जनकी देवी किकेट मैदान पर पूल डी अन्तर्गत खेले मैच में भारती विद्यापीठ पुणे ने अवन्तिका विश्वविद्यालय को शिकस्त दी।

## वॉक-ओ-रन के तहत स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड मिलेगा

- आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 30 जनवरी

**कोटा,** (निसं)। स्वास्थ्य और सेहत को समर्पित उत्तर भारत के सबसे बड़े हेल्थ इवेंट वॉक ओ रन 2025 के तहत स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया जाएगा। हार्टवाईज सोसायटी के संयोजक डॉ.साकेत गोयल ने बताया कि वॉक ओ रन के तहत लगातार आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड की भी घोषणा की गई है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

हार्ट-वॉइस स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द इयर अवार्ड के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खेल हस्तियां आवेदन कर सकती है। यह पुरस्कार वॉक-ओ-रन हेल्थ एक्सपो में दिया जाएगा। इसके लिए कोई आयु सीमा नहीं होगी। इसमें गत वर्ष के दौरान किसी भी खेल क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर अर्जित ख्याति को शामिल किया जा सकता है। कुल पांच अवार्ड विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे। आवेदन के लिए 30 जनवरी तक हार्टवाईज टीम के सदस्य कमलदीप सिंह राहुल सेठी तथा हार्टवाइज टीम को ईमेल कर सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को वॉक-ओ-रन एक्सपो में यह अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। गुरुवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया कोटा यात्रा के दौरान कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट पहुंचे और यहां वॉक-ओ-रन के कन्वीनर डॉ.साकेत गोयल, डॉ.राकेश जिंदल और कपिल जैन से मिले। उन्होंने वॉक-ओ-रन तथा हार्ट अटैक जीवनरक्षक किट की जानकारी ली और टीम हार्टवाइज के प्रयासों को सराहा। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता विशाल जोशी व प्राची दीक्षित भी साथ रहे। डॉ.गोयल ने बताया कि वॉक ओ रन में 21 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर की मैराथन और 6 किलोमीटर की कोटा केयर वॉक होगी, आयोजन के तहत 25 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे।

वाक-ओ-रन में इंटरनेशनल कैटेगरी भी रखी गई है। वॉक-ओ-रन 2025 के मुख्य प्रायोजकों में टाईटल स्पॉन्सर एलन करियर इंस्टीट्यूट, पावर्ड बॉय हरमित हुंडई और को-पावर्ड बॉय डीसीएम श्रीराम एंड हाइड्रो शार्क है।

## 'समाज की बदौलत टिकट मिलता है और उसी के आधार पर जीत भी होती है'

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी गुरुवार को कोटा दौरे पर रहे। उन्होंने तलवंडी स्थित श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट जाट समाज के कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज की बदौलत ही टिकट मिलता है और उसी के आधार पर जीत भी होती है। साथ ही कहा कि वैसे तो जाति प्रथा भाजपा में मायने नहीं रखती है लेकिन विधानसभा में कौनसी जाति कितना ज्यादा प्रभाव रखती है यह मुख्य आधार माना जाता है। सभी समाजों का प्रतिनिधित्व होगा तभी समाज आगे बढ़ता है। मंत्री चौधरी ने कहा कि जाट समाज श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट ने बच्चियों की शिक्षा की व्यवस्था की है। इसके लिए जाट समाज का आभारी हूं। कोई भी समाज आगे बढ़ता है तो शिक्षा की वजह से बढ़ता है। जहां बेटियां पढ़ती है वहां समाज 100 फीसदी आगे जाता है। देश की प्रगति भी शिक्षा में ही निहित है। शिक्षा में जागृति लाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोटा, बारां, झालावाड़ और बूंदी में वास्तव में जाट समाज पहले नहीं था लेकिन धीरे-धीरे माइग्रेट होकर



कोटा में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी पत्रकारों से रूबरू हुए।

आ गया अब यहां अच्छा काम किया है। सभी समाजों को साथ लेकर काम किया है। पत्रकारों से बातचीत में जाट समाज के मुख्यमंत्री नहीं बन पाने के सवाल के जवाब में मंत्री चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में जहां जैसी व्यवस्था और जिनकी जरूरत होती है। वहां वैसी ही प्रतिभा आगे आती है। पार्टी ही यह डिसाईड करती है। आने वाले समय में सभी समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता को पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी।

मल्टीस्टोरी भवनों में पानी के लिए अध्ययन कर नियम बनाएंगे। नोनेरा डैम बन गया है लेकिन पानी की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। इस पर मंत्री चौधरी ने कहा कि ईआरसीपी का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने किया है। आने वाले समय में एक डैम ही नहीं जितने भी नहरें और हाड़ौती क्षेत्र के सिंचाई क्षेत्र है उन सब का सदुपयोग किया जाएगा। ट्रांसफरों के मामले में मंत्री ने कहा कि कर्मचारी की घर से दूरी और उसकी पारिवारिक स्थिति को देखकर ट्रांसफर का काम कर रहे हैं।

## मानवाधिकार एवं नये अपराधिक कानून 2024 विषय पर व्याख्यान

**कोटा,** (निसं)। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश की अनुपालना में महाविद्यालय में समान अवसर एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 09.01.2025 को मानवाधिकार एवं नये आपराधिक कानून 2024 विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता कानूनविद् प्रो. अरूण कुमार शर्मा रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत प्रो.अरूण कुमार ने माला पहनाकर कर किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.अंजु अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया तथा बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुये सभी के लिए भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाने के लिए बनाये गये नये आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.नेहा ने कहा कि इन कानूनों में अत्याधुनिक तकनीको को समाहित करना महत्वपूर्ण पहल है। प्रो. शर्मा ने इन कानूनों की विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि ये कानून त्वरित न्याय की अवधारण को सशक्त करते है एवं नागरिक केन्द्रित होते है। प्रो. शर्मा ने मानवाधिकार क्या है इसके बारे में भी विस्तार से बताया।

# जाट समाज ने हाड़ौती से 36 कौम में साख बढ़ाई : सतीश पूनिया

**कोटा,** (निसं)। श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट जाट समाज कोटा का गुरुवार को शपथ ग्रहण और स्थापना दिवस समारोह तलवंडी स्थित अतिथि गृह पर आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा हरियाणा प्रदेश के प्रभारी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया थे।

मुख्य वक्ता के तौर पर हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति और पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुंबई के कमिश्नर रिटायर्ड आईपीएस दो सत्यपाल सिंह, अध्यक्षता पूर्व जिला जज राजेंद्र सिंह चौधरी, समाज गौरव के रूप में भारत सरकार की पैरा ओलंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झांझड़िया, अति-विशिष्ट अतिथि के रूप में कन्हैया लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में किशनगढ़ विधायक डॉ विकास चौधरी मौजूद रहे। इस दौरान ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष विजय सिंह चौधरी फतेहपुर ईश्वरपुरा, उपाध्यक्ष नंदलाल चौधरी सोजपुर, महामंत्री जितेंद्र चौधरी खीमच, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी गणेशखेड़ा और उपमंत्री धर्म सिंह चौधरी ठीकरिया को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि सतीश पूनिया ने कहा कि कहा कि खासतौर पर बालिका शिक्षा के लिए जाट समाज की श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट ने बीड़ा उठाया है। यहां पर जाट समाज प्रदेश के विभिन्न इलाकों से




कोटा में जाट समाज के कार्यक्रम को भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने संबोधित किया।

आया है। यहां पर हाड़ौती की आर्थिक तरक्की और सामाजिक भाईचारे के लिए काम कर रहा है। इन्होंने 36 कौम में साख बढ़ाई है, जिसे बरकरार रखना। सामाजिक सद्भाव और भाईचारा बना रहे। सतीश पूनिया ने कहा कि कर्नल जेम्स टॉड ने जाट समाज के लिए एक पुस्तक के लिए लिखा है कि यह एक कौम ऐसी है, जिसे हराया नहीं जा सकता हैं। श्री तेजा मंदिर ट्रस्ट के बारे में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र यहां पर है और चुनावी प्रक्रिया के कार्यकारणी बन रही है। अच्छे तरीके से चुनाव और इस लोकतंत्र की बधाई भी है। ट्रस्ट लोक कल्याण के लिए चल रही है।

**सामाजिक कुरीतियों पर एकजुटता की आवश्यकताः-** मुख्य वक्ता सत्यपाल सिंह ने कहा कि अभी भी समाज में कई कुरीतियों हैं। जिन पर एकजुटता दिखाने की आवश्यकता है। बालिका शिक्षा को लेकर समाज पहले काफी पीछे था। अब आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसमें और प्रयास करने होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे जिस तरह की सामाजिक रीते हैं, उनको समझना चाहिए और वही समाज को आगे बढ़ाने में सहायक है।

समाज गौरव के रूप में कार्यक्रम में मौजूद भारत के पैरा ओलंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि भारत और राष्ट्र के लिए जाट समाज हमेशा खड़ा रहा है। देश के लिए योगदान की बात की जाए तो शहादत देने वालों को जाति पाती से नहीं जोड़ा जाता है, लेकिन देश का तीसरा शहीद जाट परिवार से होता है। खेलों की बात की जाए तो 33 फीसदी मेडल हमारी बिरादरी के लोग लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में सर्वाधिक अन्न का उत्पादन भी समाज के लोग ही कर रहे है। देश के लिए दो पैरा गोल्ड मेडल जीतने वाला पहला स्पोर्ट्समैन भी मैं ही बना था। हाल ही में हुए पैरा ओलंपिक में भारत की धूम रही है। भारत 18 नंबर पर भारत रहा और 29 पदक लेकर आए हैं इनमें 8 गोल्ड मेडल है जिनमें से सात जाट बिरादरी के लोग लेकर आए। हमें यह सब कर राष्ट्र को मजबूत बनाना है।

## संगोष्ठी आज

छबड़ा (निसं)। वीर गुर्जर विकास समिति तहसील छबड़ा एवं जिलाध्यक्ष के आतिथ्य में गुर्जर समाज छबड़ा तहसील अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु संगोष्ठी आज होगी।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना शादी पूर्व का नाम शबाना जोयबभाई सावुवाला से बदलकर शादी पश्चात नया नाम सकीना शब्बीर हुसैन बाल्टीवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-सकीना शब्बीर हुसैन बाल्टीवाला पत्नी शब्बीर हुसैन बाल्टीवाला अमतुल्ला मंजिल, नियर साई बाबा बैराज रोड टिपटा कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम नफीसा से बदलकर नया नाम नफीसा टेलर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-नफीसा टेलर पत्नी जाकिर हुसैन सेफीपुरा पिड़ावा रोड सुनेल झालावाड़

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम शब्बीर हुसैन से बदलकर नया नाम शब्बीर हुसैन बाल्टीवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-शब्बीर हुसैन बाल्टीवाला पुत्र अकबर अली हुसैन अमतुल्ला मंजिल, नियर साई बाबा बैराज रोड टिपटा कोटा

**खोया-पाया**

मेरे मकान नं. 3-ई-46 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा के मूल दस्तावेजों में आवंटन पत्र, पजेशन कब्जा पत्र, अनुज्ञा पत्र, नियमितिकरण पत्र, अदेय प्रमाण पत्र एवं सर्टीफिकेट ऑफ द हेण्डलिंग ऑफ द हाउस आदि कही गुम हो गये है, काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले।
पता-रघुवीर सिंह, म.नं. 3-ई-46 महावीर नगर विस्तार दादाबाड़ी कोटा, मो.नं. 9928915112

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 01/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री जुबैर अहमद पुत्र अनवार अहमद निवासी काजी मोहल्ला टिपटा कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास "इस्लामी मर्कजी बैतुलमाल चैरिटेबल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोटा" काजी मोहल्ला टिपटा कोटा के नाम परिवर्तन को दर्ज अभिलेख करने हेतु जंच किए जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन एवं भूमि आवंटन पत्र 9882 दिनांक 03.01.2017 दर्ज कराने हेतु जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 05.02.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2024/478 | दिनांकः-9.1.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 134 बालाजी मार्केट व्यावसायिक योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 1468 दिनांक 20.02.2014 को श्री घनश्याम सिंह पुत्र श्री नाथू सिंह के नाम आवंटन किया गया था। श्री घनश्याम सिंह पुत्र श्री नाथू सिंह द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री अशोक सिंह पुत्र श्री मदन सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.10.2016 को श्रीमती गुड्डी बाई पत्नी श्री सत्यनारायण को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती गुड्डी बाई पत्नी श्री सत्यनारायण द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 134 बालाजी मार्केट व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती गुड्डी बाई पत्नी श्री सत्यनारायण के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2024/469 | दिनांकः-8.1.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 580 श्रीरामकृष्णपुरम-ई आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 400 दिनांक 18.12.2001 को श्री मोहन लाल पोरवाल पुत्र श्री अमर चन्द पोरवाल के नाम आवंटन किया गया था। श्री मोहन लाल पोरवाल पुत्र श्री अमर चन्द पोरवाल द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती साधना सक्सैना पत्नी श्री अनिल सक्सैना द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.03.2018 को श्री पुखराज गुप्ता पुत्र श्री बिरधी लाल गुप्ता को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री पुखराज गुप्ता पुत्र श्री बिरधी लाल गुप्ता द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 580 श्रीरामकृष्ण-ई आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री पुखराज गुप्ता पुत्र श्री बिरधी लाल गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/3105 | विज्ञप्ति | दिनांकः-9.1.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम डडवाडा में स्थित कृषि भूमि योजना चौपडा फार्म भूखंड संख्या 391 खसरा नं. 38 आवेदक/आवेदिका श्री मोहित कुमार पुत्र स्व. श्री मोहन लाल निवासी चौपडा फार्म स्टेशन कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 11092 दिनांक 30.12.2011 को श्री मोहन लाल पुत्र श्री सोनिया लाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 11.03.2013 तथा माता कैला बाई की मृत्यु दिनांक 25.01.2021 तथा बहन मधु बाई की मृत्यु दिनांक 12.02.2017 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर मृतक के एक मात्र विधिक वारिसान आवेदक श्री मोहित कुमार है।

अतः श्री मोहित कुमार पुत्र स्व. श्री मोहन लाल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/3111 | विज्ञप्ति | दिनांकः-9.1.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना एकता नगर भूखंड संख्या 5 का दक्षिणी खसरा नं. 252 आवेदक/आवेदिका श्री सत्यनारायण कारपेंटर पुत्र श्री राम निवास, निवासी बी-9 किरण कुंज एनटीपीसी वार्ड नम्बर 25 अन्ता, बारां राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमोंक 401 दिनांक 31.05.2013 को श्रीमती नफीसा बेगम पत्नी श्री मोहम्मद रफीक के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 28.10.2024 को जर्ये मुख्तारआम श्री सरदार अहमद पुत्र श्री करीम खान द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री सत्यनारायण कारपेंटर पुत्र श्री राम निवास के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण


MARUTI SUZUKI
NEXA
MISSED THE DECEMBER DEAL?
DON'T MISS OUT AGAIN.
This is your last chance to drive home your favourite NEXA car.
CREATE. INSPIRE.
GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF UP TO 4%
IGNIS
FRONX
Jimny
INVICTO
XL6
BUY A NEXA CAR & STAND A CHANCE TO WIN 2 TICKETS TO
Ed Sheeran
+–=÷x
2025 INDIA TOUR
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
CONSUMER OFFERS UP TO ₹1 90 000#
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 475#
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 15th January '25 or till stocks last. Applicable on available stock of 2024 models. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. #8 year funding product as per Bajaj Finance Scheme. Mentioned finance offering may vary basis customer profile, geography, credit score etc. All loans are at the sole discretion of the financer. Commercial usage vehicle's funding is not covered in the mentioned scheme.